चैत्र शुक्ल पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 145 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
18 नवंबर 2024 सोमवार

आज का मौसम
30 अधिकतम
21 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो



Page-7

### महाराष्ट्र-झारखंड में आखिरी दिन महाप्रचार, सभी पार्टियों ने झोंकी ताकत

# भाजपा को नया जवाब, राहुल ने सेफ खोल कर निकाले दो पोस्टर, पवार बोले- पंगा न लें

**नई दिल्ली/मुंबई/.एजेंसी**

महाराष्ट्र व झारखंड में विधानसभा चुनाव के प्रचार का आज आखिरी दिन हैं। इस बीच कांग्रेस सांसद और नेता विपक्ष राहुल गांधी ने मुंबई में पीएम नरेंद्र मोदी के बयानों पर सीधे हमला बोला व 'एक हैं तो सेफ हैं' को लेकर भाजपा को घेरा। राहुल ने इसका धारावी प्रोजेक्ट में उद्योगपति गौतम अडानी से कनेक्शन जोड़ा, उन्होंने एक तिजोरी खोली और पोस्ट लहराए। राहुल ने कहा- धारावी का भविष्य सेफ नहीं है, सवाल ये है कि सेफ कौन है, इस प्रोजेक्ट से धारावी की जनता को नुकसान होगा। प्रेस वार्ता के दौरान राहुल ने पहले तो एक अलमारी से पर्दा उठाया और उसका लॉक खोला। इस अलमारी से राहुल ने दो पोस्टर निकाले एक पोस्टर में गौतम अडानी और पीएम मोदी की तस्वीर थी तो दूसरे पोस्टर में धारावी का नक्शा बना था। राहुल ने पीएम और अडानी की तस्वीर दिखाकर धारावी प्रोजेक्ट पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव विचारधाराओं का चुनाव है और 1-2 अरबपतियों और गरीबों के बीच का चुनाव है। अरबपति चाहते हैं कि मुंबई की जमीन उनके हाथ में जाए जबकि कांग्रेस की सोच है कि महाराष्ट्र को, महाराष्ट्र के किसानों को, गरीबों को, बेरोजगारों को, युवाओं को मदद की जरूरत है। राहुल ने महिलाओ युवाओं से किये वादों का जिक्र किया व कहा कि हम तेलंगाना, कर्नाटक में जाति जनगणना करवा रहे हैं. हम महाराष्ट्र में भी कराएंगे।




### मोदी ब्राजील में भारतीयों के बीच



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज ब्राजील दौरे पर पहुंच गए हैं। जी 20 देशों के सम्मेलन में हिस्सा लेने रियो डी जेनेरियो पहुंचने पर पीएम का भव्य स्वागत हुआ। तीन देशों की अपनी यात्रा के दूसरे चरण में प्रधानमंत्री मोदी ब्राजील में 18 और 19 नवंबर को होने वाले 19वें जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। इस दौरान यहां रहने वाली भारतीय मूल की स्नेहा ने पीएम के सामने गरबा का प्रदर्शन किया और उन्हें हाथों से बनाई एक पेंटिंग भी सौंपी।

### भतीजे को बुरी तरह हराने की फिराक में पवार



प्रचार अभियान अपने अंतिम चरण में एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार ने विरोधियों को खुली चुनौती देते हुए कहा कि वो किसी से भी पंगा ले लें लेकिन मुझसे नहीं, पवार ने समर्थकों से अपील करते हुए कहा कि अजित पवार के नेतृत्व में बगावत करने वालों को न केवल हराएं बल्कि उन्हें बुरी तरह से हराएं। सोलापुर जिले में पवार ने दलबदल के एक प्रकरण को याद किया, जिसके कारण उन्हें लगभग पांच दशक पहले विधानसभा में विपक्ष के नेता का पद गंवाना पड़ा था और अपने दृढ़ संकल्प की बदौलत उन्होंने बाद में उन सभी को शिकस्त दी जिन्होंने उनके साथ विश्वासघात किया था।

### भाजपा कैंपेंन पर आयोग ने मांगा जवाब

झारखंड चुनाव के अंतिम चरण में भाजपा राहुल गांधी में हमलावर हैं। नड्डा ने कहा राहुल ओबीसी चैम्पियन बनना चाहते हैं। वहीं बीजेपी के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर डाले गए पोस्ट की शिकायत पर निर्वाचन आयोग ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से रिपोर्ट तलब की है। कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से बीजेपी फॉर झारखंड के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में आरोप है कि बीजेपी की ओर से अपने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर वीडियो में एक सांप्रदायिक, दुर्भावनापूर्ण और भ्रामक संदेश है. इसका शीर्षक है पूरे झारखंड का काया पलट कर देंगे।



### मुंबई पहुंचे सीएम यादव

इधर मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव आज मुंबई चुनाव प्रचार पर पहुंचे हैं। वे रोड शो और जनसभा कर रहे हैं। सबसे पहले उन्होंने मुंबई की कलिना विधानसभा में सभा की। इसके बाद वे धारावी में रोड शो करेंगे। वे कोलीवाडा, सायन, कांदिवली में सभा के बाद शाम को मुंबई से जबलपुर पहुंचेंगे तथा महाकौशल विज्ञान मेला एवं आरोग्य एक्सपो 2024 के समापन समारोह में मौजूद रहेंगे। भाजपा मप्र के कई अन्य नेता भी आज महाराष्ट्र में जोर लगा रहे हैं वहीं मप्र के कांग्रेस नेता भी सक्रिय हैं।

### एंबुलेंस को रास्ता नहीं देने पर ढाई लाख जुर्माना, लाइसेंस जब्त

**त्रिशूर, एजेंसी।** केरल में त्रिशूर के एक व्यक्ति को सड़क पर अमानवीय व्यवहार दिखाने के चलते कड़ी कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ा। पुलिस ने पर एंबुलेंस को रास्ता नहीं देने के मामले में बड़ा एक्शन लिया है। सायरन और हॉर्न देने के बाद भी एंबुलेंस को साइड नहीं देने पर कार मालिक के ऊपर 2.5 लाख रुपये का जुर्माना लगाते हुए उसका ड्राइविंग लाइसेंस वापस ले लिया गया । वाहन पोन्नानी से त्रिशूर मेडिकल कॉलेज जा रहा था। एंबुलेंस ड्राइवर द्वारा शेयर किए गए डैशकैम फुटेज में दो लेन वाली सड़क पर एम्बुलेंस दो मिनट से अधिक समय तक सिल्वर मारुति सुजुकी सियाज़ का पीछा करती हुई दिखाई दे रही है। कार ड्राइवर एम्बुलेंस के आगे निकलने के हर प्रयास को रोक रहा था।

## आज भाजपा में शामिल होंगे आप नेता गहलोत

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दे चुके दिल्ली सरकार के मंत्री कैलाश गहलोत आज भाजपा में शामिल हो सकते हैं। गहलोत ने आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को चिट्ठी लिखकर कहा था कि नया बंगला जैसे कई शर्मनाक और अजीबोगरीब विवाद हैं, जो अब सभी को संदेह में डाल रहे हैं कि क्या हम अभी भी आम आदमी होने में विश्वास करते हैं।

### आज का कार्टून




- साभार : माधव जोशी

## एशियाई बाजार के बिखराव में शेयर बाजार में फिर जोरदार गिरावट

### सेंसेक्स व निफ्टी फिसले




**मुंबई. एजेंसी**

भारतीय शेयर बाजार के हिचकोले आज कारोबारी सप्ताह के पहले ही दिन जर्बदस्त रहे। बीते शुक्रवार को भी बाजार सेंसेक्स की गिरावट के साथ बंद हुआ था। आज भी दोनों इंडेक्स ने तेजी के साथ कारोबार तो शुरू किया, लेकिन कुछ ही मिनटों में इसकी रफ्तार पर ब्रेक लग गया और अचानक सेंसेक्स व निफ्टी धराशायी हो गए। सेंसेक्स ने करीब 500 अंकों का गोता लगा दिया तो निफ्टी इंडेक्स भी शुरुआती तेजी के बाद फिसलता हुआ 170 अंक से ज्यादा टूट गया। इसके चलते टीसीएस, एनटीपीसी, से लेकर रिलायंस तक के शेयरों में बड़ी गिरावट आ गई। लेवल पर कारोबार कर रहा था।

खास बात यह कि आज बाजार किस करवट बैठेगा, इसके संकेत मार्केट ओपन होने से पहले ही मिलने लगे थे। एक ओर जहां एशियाई बाजारों में दबाव देखने को मिल रहा था और गिफ्ट निफ्टी लगभग 100 अंक की गिरावट के साथ ट्रेड कर रहा था। जापान का निक्की लाल निशान पर था। उधर यूएस मार्केट में डाऊ जोन्स 0.70 फीसदी या 305 अंक फिसलकर बंद हुआ था, तो नैस्डैक में भी 400 अंकों से ज्यादा की गिरावट आई।

शेयर बाजार में आई जोरदार गिरावट के बीच जिन शेयरों के निवेशकों को शुरुआती बाजार में सबसे ज्यादा झटका लगा. उनमें टेक महिंद्रा, 2.78 फीसद टूटा। टाटा ग्रुप की कंपनी टीसीएस में 2.73 फीसद गिरावट आई, तो एचसीएल टेक 2.26 फीसद व मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस का शेयर 1.72 फीसदी गिरावट लेकर कारोबार कर रहा था।

## मणिपुर में भाजपा-कांग्रेस दफ्तरों पर हमला, पुलिस की गोली से मौत

### बवाल के बाद शाह आज हाईलेवल मीटिंग लेंगे

**इंफाल. एजेंसी**

मणिपुर के जिरीबाम जिले में हिंसा में फिर एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। उग्र भीड़ और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षाबलों की ओर से गोलीबारी में वह घायल हो गया था। घटना देर रात की बताई जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार, उग्र भीड़ ने जिरीबाम जिले के बाबूपुरा में स्थित भाजपा और कांग्रेस के ऑफिसों में लूटपाट कर तोड़फोड़ की थी। उग्र भीड़ ने संबंधित ऑफिसों से फर्नीचर का सामान बाहर निकालकर उसको जला दिया। इसके बाद सुरक्षाबलों ने भीड़ को तितर-बितर करने और स्थिति से निपटने के लिए गोलीबारी की थी।

जानकारी के अनुसार, सुरक्षाबलों ने हिंसाग्रस्त इलाकों में मोर्चाबंदी करते हुए इलाकों में 107 नाके और चेकपोस्ट स्थापित किए हैं, जिसमें पहाड़ी और घाटी इलाके दोनों शामिल हैं. इन



चेकपोस्ट पर किसी भी प्रकार के उल्लंघन के लिए किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में नहीं लिया गया है, जिससे सुरक्षाबलों की मौजूदगी का इलाके में सकारात्मक असर नजर आ रहा है। मणिपुर के ताजा हालातों की समीक्षा के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज दोपहर को दिल्ली में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे. गृह मंत्री रविवार को महाराष्ट्र से अपने राजनीतिक कार्यक्रमों को रद्द कर दिल्ली पहुंचे थे, जिसके बाद उन्होंने को भी दिल्ली में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की।

**मेट्रो एंकर**

### दिल्ली में एक्यूआई 450 के पार, भारत का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर

# डेनमार्क से कुछ सीखे प्रदूषित दिल्ली

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इस वक्त देश की राजधानी दिल्ली फिर प्रदूषण से कराह रही है, उसका दम घुट रहा है। हर साल आने वाली इस समस्या के बीच दिल्ली के नीति नियंताओं को डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन का उदाहरण सामने रखना चाहिये। इस वक्त यह दुनिया का सबसे साफ शहर है तो दिल्ली देश का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर। सवाल उठ रहा है कि दुनिया की क्लीनिस्ट सिटी कोपेनहेगेन में ऐसे कौन से काम होते हैं, जो गैस चैंबर बनी दिल्ली में नहीं हो सकते। ताकि हमारी हवा भी साफ हो सके और साफ शहरों की लिस्ट में गिनती हो सके। दरअसल, दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गैस चैंबर कहा जा रहा है। वायु प्रदूषण की वजह से दिल्ली-एनसीआर सीवियर प्लस कैटेगिरी में आ गया है। कई जगहों पर एयर क्वालिटी इंडेक्स 450 के पार पहुंच गया है। आज सोमवार का दिन इस मौसम में सबसे प्रदूषित रिकॉर्ड किया गया है। यहां फॉग और स्मॉग की चादर दम घोंट रही है। अब चिंता इस बात की होने लगी है कि दिल्ली, दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बन सकता है. डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन दुनिया की सबसे स्वच्छ और रहने योग्य शहरों में से एक है. इसका श्रेय वहां की जनभागीदारी, सरकार की दीर्घकालिक नीतियों और पर्यावरण संवेदनशील सोच को जाता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कोपेनहेगन में ऐसी कई प्रथाएं और व्यवस्थाएं हैं जो इसे स्वच्छ बनाए रखती हैं। कोपेनहेगन में पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास पर जोर दिया जाता है। वहां नीतियों को कुछ ऐसे तैयार किया जाता है जो जीवनशैली को व्यवस्थित बनाए। इस सफलता के लिए कई ठोस कदम उठाए जाते हैं. योजनाओं से लेकर जागरूक नागरिकों की भूमिका तक देखने को मिलती है।

### कोपेनहेगन : जिससे सीख ले सकती है दिल्ली



- **साइकिलिंग को प्राथमिकता : कोपेनहेगन-** साइकिल फ्रेंडली कैपिटल है। 50फीसद लोग काम पर जाने के लिए साइकिल का उपयोग करते हैं। शहर में 400 किलोमीटर से ज्यादा लंबी साइकिल लेन हैं। साइकिल ब्रिज और विशेष साइकिल पार्किंग की व्यवस्था है, जबकि दिल्ली में साइकिल चलाने का बुनियादी ढांचा बहुत खराब है।
- **हरित ऊर्जा का उपयोग : कोपेनहेगन-** शहर की बिजली का बड़ा हिस्सा पवन और सौर ऊर्जा से आता है। यहां पवन ऊर्जा और जैव ऊर्जा का बड़े पैमाने पर उपयोग होता है। अब आगे 100त्न नवीकरणीय ऊर्जा का लक्ष्य है। सभी इमारतों को ऊर्जा कुशल बनाया गया है। दिल्ली अभी भी कोयले और पेट्रोलियम पर निर्भर है। कचरा प्रबंधन में उत्कृष्टता।
- **पराली जलाने की रोक : कोपेनहेगन-** कृषि कचरे को बायोगैस या खाद में बदलने के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग होता है। दिल्ली में पराली जलाना दिल्ली-एनसीआर के वायु प्रदूषण का मुख्य कारण है। इसे रोकने के लिए प्रभावी समाधान अभी भी नहीं हैं। इसी तरह कोपेनहेगन में सार्वजनिक परिवहन का व्यापक नेटवर्क, हरियाली और शहरी जंगल, प्रदूषणकारी उद्योगों पर सख्त प्रतिबंध जैसे उपाय ऐसे प्रदूषण मुक्त बनाते हैं।

### दिल्ली में प्रतिबंधों का दौर



फिलहाल, प्रदूषण के चलते दिल्ली में ग्रैप का चौथा चरण लागू हो चुका है। इसके तहत कार्यालय में उपस्थिति सीमित करने,स्कूल बंद करने और वाहनों की आवाजाही पर नियंत्रण के उपाय शामिल हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली पर घना कोहरा छाया रहेगा। कोहरे के चलते इंडिगो ने यात्रा संबंधी सलाह जारी की है। साथ ही घनी धुंध की वजह ट्रेनों की रफ्तार पर भी असर पड़ा है। दिल्ली में धुंध के बीच ट्रेनों की आवाजाही जारी है। वहीं कालिंदी कुंज में यमुना नदी में जहरीला झाग तैर रहे हैं।



## फिर बदला मौसम...



भोपाल, दोपहर मेट्रो। राजधानी में इन दिनों रात में ठंडक का दौर शुरू हो गया है। हवा का रुख अभी उत्तर पूर्वी बना हुआ है।

## गुरुदेव की आराधना...



भोपाल, दोपहर मेट्रो। ट्रांसपोर्ट नगर कोफ्ता अकालगढ़ साहिब गुरुद्वारे में गुरुनानक जयंती पर्व मनाया गया।

# कायस्थ समाज के बच्चों के लिए प्रतियोगिता का आयोजन

**भोपाल।** कायस्थ समाज के बच्चों के प्रोत्साहन एवं उनकी प्रतिभा के विकास हेतु कायस्थम संस्था भोपाल आगामी 15 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से मेहंदी, निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन करेगी । जनवरी में आयोजित समारोह में स्पर्धा के विजेताओं को पुरस्कारों का वितरण होगा। तीनों प्रतियोगिता के लिए निर्धारित शुल्क 50 रुपए प्रति प्रतिभागी रहेगा।मेहंदी प्रतियोगिता में दो आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। पहला वर्ग 15 वर्ष से कम आयु वालों का तथा दूसरा वर्ग 15 वर्ष से अधिक आयु वालों के लिए रहेगा । प्रतियोगिता का समय 1 घंटा रहेगा। प्रतिभागी को मेहंदी का कोन स्वयं लाना होगा। ड्राइंग कॉम्पीटिशन तीन आयु वर्ग के लिए होगा। इनमें 5 वर्ष से 8 वर्ष , 8 वर्ष से 12 वर्ष तथा13 वर्ष से 18 वर्ष तक के आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता का समय 1 घंटा 30 मिनिट रहेगा तथा ड्राइंग शीट संस्था की ओर से दी जायेगी। प्रतियोगिता में कलर ( वॉटर कलर ) प्रतिभागी को स्वयं लेकर आना होगा। ड्राइंग प्रतियोगिता का विषय हमारा भोपाल, स्वच्छ भोपाल रहेगा। इसी तरह दो आयु वर्ग के लिए निबंध स्पर्धा भी होगी। पहला आयु वर्ग 10 वर्ष से 15 वर्ष का होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों को आवश्यक जानकारी जिसमें उसका एवं माता -पिता का नाम , आधार कार्ड की जानकारी देना होगी। एक प्रतिभागी एक से अधिक प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेगा। प्रतिभागी को प्रतियोगिता से 30 मिनिट पहले उपस्थित होकर पंजीयन कराना अनिवार्य रहेगा। प्रतिभागी एंट्री आयोजन स्थल व मोबाइल 9425438755/ 9479518079/9303132273/98938 13282 के वाट्सएप पर भी दे सकेंगे। प्रतियोगिताएं भोपाल हाट एवं डीबी मॉल के पीछे स्थित 9 मसाला के उद्यान में होगी।

### मंत्रालय के सामने की झुग्गियों की जगह पर बनेंगे पक्के मकान

# झुग्गीमुक्त शहर का इरादा, कब्जा होगा कम, जमीन बचेगी ज्यादा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** राजधानी को झुग्गी मुक्त बनाने का इरादा सरकार व प्रशासन बीसियों बार जता चुके हैं,इसके लिए कुछ प्रयास भी हुए लेकिन असरदार नहीं रहे। अब फिर जिला प्रशासन ने झुग्गी मुक्त भोपाल की तैयारियां शुरू की हैं क्योंकि मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अफसरों से चर्चा के बाद के शहर को नौ कलस्टरों में विभाजित करने की योजना बनाई है। इसके तहत सभी झुग्गी क्षेत्रों का सर्वे कर चिह्नांकन किया जाएगा और कुल कितनी शासकीय भूमि पर झुग्गी बनी हुई हैं इसकी रिपोर्ट तैयार की जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर डीपीआर तैयार कर शासन को भेजी जाएगी। खास बात यह है कि बहुमंजिला पक्के मकान बनाने के बाद झुग्गीबस्ती की जो जमीन बचेगी,उसे सरकार योजना व व्यवसायिक उदेश्यों के लिए इस्तेमाल किया जाएगा।





जानकारी के मुताबिक पिछले दिनों कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने इस योजना के तारतम्य में जिले के अफसरों की बैठक ली। जिसमें नगर निगम आयुक्त हरेंद्र नारायन सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। तय किया गया कि झुग्गी हटाने के पहले चरण की शुरुआत मंत्रालय वल्लभ भवन से की जाएगी। जहां करीब 39 हेक्टेयर भूमि में बनी नौ झुग्गी बस्तियों को हटाया जाएगा और रहवासियों को पीपीपी मोड यानि पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप )के तहत पक्के मकान बनाकर दिए जाएंगे। अभी भोपाल जिले में साढ़े चार लाख मकान हैं,जिनमें से डेढ़ लाख झुग्गियां है। इन डेढ़ लाख झुग्गियों को शासकीय भूमि से हटाने के लिए दो महीने में पूरी तैयारी करनी है। इस दौरान अधिकारियों के द्वारा सर्वे कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इसी सर्वे रिपोर्ट के आधार पर नौ क्लस्टर के तहत झुग्गी हटाने की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। जिसे पहले सरकार को दिखाया जाएगा। सरकार से अनुमति मिलते ही इस पर काम शुरू कर दिया जाएगा। शहर को झुग्गी मुक्त बनाने के लिए पांच वर्ष का लक्ष्य रखा गया है।अगले एक वर्ष में करीब 25 हजार झुग्गी हटाने का प्रयास जिला प्रशासन, नगर निगम द्वारा किया जा रहा है।अधिकारियों ने दावा किया है कि दो महीने बाद ही पहले क्लस्टर पर काम शुरू कर दिया जाएगा।इसके तहत झुग्गी पुनर्वास कार्यक्रम के तहत भी पक्के मकान लोगों को दिए जाएंगे।

### 12 हेक्टेयर में पक्के मकान

बताया जाता है कि पहले क्लस्टर के प्रथम चरण में मंत्रालय के पास बनी नौ झुग्गी बस्तियों को चिह्नित किया गया है। इनमें ओम नगर, वल्लभ नगर, भीम नगर, दुर्गा नगर, अशोक सम्राट नगर, कुम्हार पुरा, झदा कॉलोनी और वल्लभ नगर दो के 6534 परिवारों को पक्के मकानों में शिफ्ट किया जाना है। इसके लिए अधिकारियों सर्वे पूरा कर लिया है और अब इसके आधार पर ही डीपीआर, डिजाइन, प्लानिंग पालिसी, एस्टीमेट और टेंडर तैयार किए जाएंगे। यह काम अधिकारियों को एक सप्ताह में पूरा करना है।यहां स्थित 39 हेक्टेयर भूमि में से 12 हेक्टेयर पर झुग्गीवासियों के लिए पीपीपी मोड पर पक्के मकान बनाए जाएंगे। बाकी 27 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर सुराज अभियान और रिडेंसीफिकेशन नीति के तहत आवासीय परियोजनाओं में माल, व्यावसायिक कांप्लेक्स, प्राइम डेवलपमेंट कार्य भी किए जाएंगे।

### विहिप भोपाल विभाग खंड समिति का सम्मेलन

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि, काशी विश्वनाथ मंदिर का मुद्दा गूंजा



**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

बजरंग दल की कार्य वृद्धि के लिए सभी खंडों में एक समिति का संकल्प, एक बजरंग दल का मिलन प्रारंभ करें। यह बात विश्व हिन्दू परिषद भोपाल विभाग खण्ड समिति सम्मेलन में प्रांत अध्यक्ष किशनलाल शर्मा ने कही। सम्मेलन में केंद्रीय महामंत्री बजरंग लाल बांग?ा ने कहा जय श्री राम के नारे पूरे जोश से तब तक लगाना हैं जब तक श्री कृष्ण जन्मभूमि और काशी विश्वनाथ के मंदिर के नारे लगना चालू न हों जाये। उन्होंने कहा कि इस साल 60 वर्ष विहिप के पूरे हुए हैं, खंड के कार्यकर्ताओं ने 60 हजार स्थानों तक हमारे कार्य को पहुँचाया है। हमको सभी खंड तक समितियां बनानी है, इस वर्ष पूरी करना चुनौती हैं। दो कार्यकर्ता प्रत्येक ग्राम में खड़े होना चाहिए। विहिप द्वारा किए काम और नाम प्रत्येक ग्राम तक पहुँचाना। सबको पद्धति का सही ज्ञान परिषद, बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी, मातृशक्ति के वर्ग से होगा। साध्वी रंजना दीदी ने हिंदुओ को अपनी संस्कृति को घर-घर में पहुँचने का संकल्प दिलाया। सम्मेलन में 273 खंड समिति मेंसे 144 खंड समिति 995 कार्यकर्ता उपस्थित रहें। क्षेत्र संगठन मंत्री जितेंद्र पंवार, प्रान्त मंत्री राजेश जैन, प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह, सहित प्रांत, विभाग, पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

**मेट्रो एंकर**

### आरोग्य केन्द्र में रोग निवारण एवं प्रशिक्षण शिविर

# पूरे देश को दवा व दर्द रहित बनाना है: टेवानी

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**



आरोग्य केन्द्र में दस दिवसीय रोग निवारण एवं प्रशिक्षण मासिक शिविर का समापन हुआ, समापन से पहले अनुभव सत्र में शिविरार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए। शिविर में देश के विभिन्न हिस्सों से आए साधकगणों ने हिस्सा लिया। सत्र में डॉ. रमेश टेवानी जी ने बताया कि मनुष्य जीवन बहुत दुर्लभ हैं, इस जीवन का अंतिम लक्ष्य यह हैं कि हम प्रभु के चरणों मे समा जाए, ये लक्ष्य पूरा तब होता हैं जब हम तन व मन से स्वस्थ हो, तन से स्वस्थ होने के लिए प्राकृतिक चिकित्सा, मन से स्वस्थ होने के लिए ध्यान, प्रणायाम और योग व जीवन को सार्थक करने के लिए समाज सेवा। इस शिविर का उददेश्य पूरे भारत को दवा रहित व दर्द रहित बनाना है। आजीवन निरोगी रहने के लिए उपवास, पेट की सफाई व नींद ये तीन चीजें जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है, उपवास रसाहार व फलाहार के माध्यम से करते हैं। कार्यक्रम के अंत में डॉ लता टेवानी ने आभार व्यक्त किया। अगला कैंप 20 से 29 नवंबर 2024 को आयोजित किया जाएगा।

### इन बीमारियों का इलाज

शिविर में डिप्रेशन, डायबिटीज, हायपोथायरायडिज्म, कब्ज, ऑस्टियोआर्थराइट्सि, हाइपरटेंशन, मोटापा, पॉजीटिव प्रमोशन इन हेल्थ, गैस्ट्राइटिस, इनसोमनिया, माइग्रेन, हाइपर कोलेस्ट्रोलेमिया, अस्थमा, लम्बर स्पॉन्डिलाइटिस, साइटिका और फ्रोजन शोल्डर का इलाज किया गया।

**यह गतिविधियां हुईं:** शिविर में साधकगणों से नियमित योगाभ्यास, यौगिक क्रियाएँ, प्रातः कालीन व सायंकालीन व्याख्यान सत्र एवं शंका समाधान, प्राकृतिक चिकित्सा, प्राकृतिक आहार, ध्यानात्मक क्रियाएं कराई गई।

# बूथ पर हमेशा तैयार रहता है भाजपा कार्यकर्ता: खटवानी

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**



भाजपा के संगठन पर्व में रविवार को शक्ति केंद्र की संगठन पर्व कार्यशाला का आयोजन किया गया। गिदवानी पार्क और आरा मशीन रोड स्थित मतदान केंद्रों समापन किया गया। शक्ति केंद्र के प्रभारी महेश खटवानी ने कहा कि हमारी भाजपा के कार्यकर्ता बूथ पर हमेशा तैयार रहते हैं हमारे जन प्रतिनिधि लगातार विकास कार्य करवाते रहते हैं जिनके कारण जनता भी भाजपा को साथ देती रही है। बैठक के प्रभारी मिक्की दास ने कहा कि इस क्षेत्र से हर चुनाव के क्षेत्र में भाजपा को लंबी लीड मिलती रही है आप जैसे कार्यकर्ताओं के मेहनत के दम पर ही भारतीय जनता पार्टी इस मुकाम पर पहुंची है। मतदान केंद्र नंबर 63, 95, 102 और 105 के पदाधिकारी और सदस्यों का मनोनयन किया गया, जिसमें शम्भु बालानी, प्रकाश थदानी, अशोक परवानी, घनश्याम हेमनानी, नंद छूगानी को अध्यक्ष बनाया गया। महामंत्री का पद शंकर मेघानी, सुरेश देवनानी, बिहारी खुशाल मेहरचंदानी को सौंपा गया। बैठक में मुख्य रूप से अशोक परवानी प्रवीण मेयर चांदनी प्रकाश पाटिल, राज सबनानी, विक्की मोहन लालवानी, पंडित जय शर्मा, पंडित यश शर्मा, अजीत पारदासानी, भारत पारदासानी उपस्थित थे।

## भव्य दरबार में सजाया लंगर

# गुरुद्वारा प्रबंध में सरकार करेगी मदद, सिखों को रोजगार भी देगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** सरकार गुरुद्वारा प्रबंधन में मदद करेगी। सिख समाज के कमजोर व जरूरतमंद युवाओं को रोजगार भी देगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार शाम को निवास पर आयोजित प्रकाश पर्व के मौके पर इसकी घोषणा की। यह भी कहा कि सिख समाज के प्रमुख महापुरुषों की शहादत पर अनुसंधान को उच्च शिक्षा विभाग के जरिए प्रोत्साहित करेंगे। श्री गुरुनानक जी के 555वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में रविवार शाम को मुख्यमंत्री निवास में श्री गुरुग्रंथ साहब जी का भव्य दरबार सजाया गया और लंगर की व्यवस्था की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के लगभग सभी जिलों से आए सिख समुदाय के प्रतिनिधियों से सजी संगत के बीच बैठकर गुरुवाणी के वचनों का आनंद लिया और कीर्तन में सहभागिता की।

### रविवार शाम को आयोजित प्रकाश पर्व के मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निवास पर मनाए प्रकाश पर्व के आयोजन में की घोषणा

### प्रदेश के विभिन्न नगरों से आए जनप्रतिनिधियों में पूर्व मंत्री समेत कई लोग रहे शामिल

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख गुरुओं की वाणी अद्भुत है। सिख गुरुओं ने विपरित परिस्थितियों में भी महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। धर्म और आध्यात्म की परम्परा के माध्यम से सनातन संस्कृति बचाई। मप्र के स्कूल शिक्षा के पाठ्यक्रम में कक्षा सातवीं में सिखों के प्रमुख लोगों की शहादत का विस्तृत उल्लेख है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने



आयोजन को भव्य बताया। मुख्यमंत्री का सिख समाज की ओर से सम्मान किया गया। उन्हें एक स्वर्णिम तलवार भी भेंट की। सिख समाज की बहनों ने विशेष प्रार्थना (अरदास) की रस्म अदा की। कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री कृष्ण गौर, विधायक रामेश्वर शर्मा, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, प्रदेश के विभिन्न नगरों से आए जनप्रतिनिधियों में पूर्व मंत्री हरदीप सिंह डंग सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## झांसी घटना के बाद अस्पतालों के इंतजाम पुख्ता करने का दौर

**भोपाल।** झांसी, उत्तर प्रदेश के रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल में हाल ही में हुई अग्नि दुर्घटना ने 10 नवजात शिशुओं की जान ले ली। इस भयावह घटना के बाद मप्र का स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट मोड पर आ गया है। शनिवार को विभाग ने निजी व सरकारी सभी अस्पतालों को फायर और इलेक्ट्रिकल सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी ने कहा कि सरकारी व निजी चिकित्सालयों, नर्सिंग होम और क्लीनिकों के अध्यक्षों को निर्देशित किया है कि वे अपनी संस्थाओं का इलेक्ट्रिकल और फायर ऑडिट अनिवार्य रूप से कराएं। फायर सिस्टम और फायर एक्सटिंग्विशर की स्थिति चालू होनी चाहिए। इन्हें समय-समय पर रिफिल कराया होना भी अनिवार्य है। नियमित अंतराल पर फायर ड्रिल कराई जाए और इसका लेखा-जोखा भी रखें। इसके अतिरिक्त आकस्मिक निकास द्वार बाधा रहित और सुलभ होना चाहिए।

---

### शीतकालीन सत्र में प्रस्तुत परीक्षा अधिनियम में संशोधन विधेयक विधानसभा में करेंगे पेश

# पेपर में केंद्राध्यक्ष सहित स्टाफ के पास मोबाइल मिला तो प्रकरण होगा दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



माशिमं की बोर्ड परीक्षाओं को लेकर बड़ा बदलाव

माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) ने कक्षा दसवीं-बारहवीं की मुख्य परीक्षाओं को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। यह परीक्षाएं 25 फरवरी से शुरू होंगी। पहले की पेपर संबंधित घटनाओं को देखते हुए माशिमं का फोकस सुरक्षा और सख्ती पर है। ऐसे में इस बार ऐसी घटनाओं को रोकने और गड़बड़ी करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की तैयारी है। बताया जा रहा है कि केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक सहित किसी भी स्टाफ के पास मोबाइल पाया गया तो संबंधित थाना क्षेत्र में उनके विरुद्ध प्रकरण दर्ज करवाया जाएगा।

ऐसे सख्त प्रविधान के लिए परीक्षा अधिनियम में संशोधन विधेयक विधानसभा के 16 दिसंबर से शुरू होने जा रहे शीतकालीन सत्र में प्रस्तुत किया जाएगा। संशोधित विधेयक में प्रतिबंध के बावजूद केंद्र में मोबाइल ले जाने पर 10 वर्ष तक कैद की सजा का प्रविधान प्रस्तावित किया है। इस संशोधन का आधार भारत सरकार के सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम-2024 को बनाया गया है। बता दें कि माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12वीं की परीक्षा 25 फरवरी और 10वीं की 27 फरवरी से शुरू हो रही है। 10वीं की परीक्षा 19 मार्च को खत्म होनी है और 12वीं की परीक्षा 25 मार्च तक चलेगी।

### होलिका दहन और रंगपंचमी पर त्यौहार के दिन पेपर, विचार-विमर्श जारी

माशिमं द्वारा जारी किए गए परीक्षा कार्यक्रम में 13 मार्च को 10वीं के सामाजिक विज्ञान की परीक्षा है। वहीं 19 मार्च को 10वीं के विज्ञान और 12वीं के शारीरिक शिक्षा विषय की परीक्षा है। 13 मार्च को होलिका दहन होना है और 19 मार्च को रंगपंचमी है। ऐसे में विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। उनका कहना है कि मध्य प्रदेश के ब? हिस्से में होली रंग पंचमी के दिन खेली जाती है। मंडल ने अगस्त महीने में परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया था, लेकिन किसी ने स्थानीय त्योहारों का ध्यान नहीं रखा। अब जाकर कुछ लोगों का ध्यान इस गलती की ओर गया है तो परीक्षार्थी, उनके अभिभावक और स्कूल सभी परेशान हैं। इन दिनों में सार्वजनिक परिवहन के साधन नहीं चलते। अभिभावकों की चिंता है कि त्यौहार का दिन होने की वजह से बच्चों को परीक्षा केंद्र पहुंचने में दिक्कत होगी। वहीं त्यौहार पर परीक्षा देने का उनका मन भी नहीं करेगा। मामला माशिमं तक भी पहुंचा है, जिसके बाद इस पर विचार-विमर्श चल रहा है।

## मध्य प्रदेश ने पांच वर्ष में मारे 20 हार्डकोर नक्सली, अब और तेजी होगी कार्रवाई

**भोपाल।** नक्सलियों पर लगाम कसी जा रही है, इससे बौखलाए नक्सलियों के एक समूह ने हॉक फोर्स के एक जवान पर हमला कर दिया। उसे गोली लगी है। घटना रविवार को बालाघाट जिले के दुगलई-कोद्दापर जंगल में हुई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तुरंत जवान का इलाज कर रहे डॉक्टरों के प्रमुखों से बात कर उन्हें हर संभव मदद करने व अच्छे इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसी के साथ नक्सलियों के खात्मे को लेकर नए सिरे से कार्रवाही तेज करने को कहा है।उधर बीते पांच वर्षों में मप्र पुलिस व हॉक फोर्स के जवानों ने 20 नक्सली मारे। ये सभी हार्डकोर थे। जिन पर 3.31 करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। इनमें से बीते आठ महीने में 4 नक्सली मारे। एक हार्डकोर महिला नक्सली गिरफ्तार की। जबकि बीते 5 वर्ष में 6 नक्सली गिरफ्तार किए गए। इन पर 85 लाख रुपये का इनाम था। सरका ने नक्सली विरोधी अभियानों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 262 पुलिसकर्मियों को समय से पहले पदोन्नति दी है। 37 वीरता पुरस्कार दिए। आम लोगों की सुरक्षा के लिए 8 चौकियों को थाने में बदला गया।

**नक्सलियों के द्वारा हॉक फोर्स के जवान पर हमला करने के बाद सरकार सतर्क**

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी बोले-भारी भ्रष्टाचार

## कलेक्टर के तबादले में भारी लेनदेन करने का आरोप कांग्रेस ने लगाया

**भोपाल।** मप्र में आईएएस-आईपीएस अधिकारियों के तबादले और पदस्थापना को लेकर अब भाजपा-कांग्रेस आमने-सामने हो गये हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने जहां पदस्थापना में भ्रष्टाचार के आरोप लगाया, पार्टी के अधिकृत एक्स हैंडल पर एक पोस्ट कर सिंगरौली कलेक्टर की पदस्थापना में छह करोड़ रुपये के लेन-देन, हवाला और अवैध वसूली का आरोप लगाया। इस आरोप को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा की कार्यकारिणी के सदस्य कपिल शर्मा की शिकायत पर क्राइम ब्रांच में एफआईआर दर्ज की गई। इसमें कहा गया कि भाजपा और मुख्यमंत्री की छवि खराब करने के लिए भ्रामक तथ्य प्रस्तुत किया जा रहा है।

**भाजपा ने की पुलिस को शिकायत**

**सिंगरौली कलेक्टर पर पदस्थापना पर छह करोड़ रुपये:** इसमें लिखा गया कि सिंगरौली कलेक्टर पद पर पदस्थापना की कीमत छह करोड़ रुपये और माध्यम सरकार का दलाल दिया है। मध्य प्रदेश की नई सरकार में आईएएस -आईपीएस की पदस्थापना बिना पैसे दिए संभव नहीं है। यह भाजपा और मुख्यमंत्री की छवि को क्षति पहुंचाने का सुनियोजित प्रयास है। ऐसी अवैधानिक गतिविधियों को रोका जाना आवश्यक है।कांग्रेस के आरोपों को सिरे से नकारते हुए भाजपा के प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस लगातार हताशा-निराशा के कारण कुंठा के दौर से गुजर रही है। इस कारण पार्टी के नेता अनाप-शनाप बयानबाजी करते रहते हैं।

# सीबीएसई बोर्ड ने कहा-इस बार परीक्षाओं के लिए एग्जाम पैटर्न में कोई बदलाव नहीं किया

### बीते दिनों से चल रही भ्रामक खबरों को लेकर सीबीएसई ने जारी किया आदेश

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

बीते दिनों से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की दसवीं और बारहवीं के सिलेबस में कटौती सहित अन्य बदलाव को लेकर चल रही भ्रामक खबरों पर सीबीएसई ने लगाम लगाते हुए स्पष्टीकरण जारी किया है। जिसमें बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि साल 2025 में होने वाली परीक्षाओं के लिए एग्जाम पैटर्न में कोई बदलाव नहीं किया गया है। साथ ही, दसवीं और बारहवीं कक्षा के लिए पाठ्यक्रम में भी कोई कटौती नहीं की गई है। बोर्ड ने यह जानकारी हाल ही में जारी की है। दरअसल, बीते दिन एक रिपोर्ट सामने आई थी, जिसमें कहा गया था कि दसवीं और बारहवीं कक्षा के लिए पाठ्यक्रम में कटौती की गई है। इसके अनुसार, इंटरनल असेसमेंट के लिए 40 प्रतिशत नंबर दिए जाएंगे बाकी 60 प्रतिशत नंबर फाइनल परीक्षा के होंगे। हालांकि, अब इसी विषय में रिपोर्ट के अनुसार, एएनआई ने सीबीएसई के हवाले से कहा है कि, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड स्पष्ट करना चाहता है कि बोर्ड ने ऐसा कोई नोटिस जारी नहीं किया है या मूल्यांकन प्रणाली या परीक्षा नीति में कोई बदलाव नहीं किया है। साथ ही इस संबंध में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। इसलिए स्टूडेंट्स को सलाह दी जाती है कि वे अपने पुराने परीक्षा प्रणाली के अनुसार ही अपनी तैयार करें।

### महाराष्ट्र चुनाव प्रचार में डॉ. मोहन, आज मुंबई में चार रोड शो व इतनी ही जनसभाएं करेंगे

# जो राम का नहीं, वो किसी काम का नहीं: मुख्यमंत्री



**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव महाराष्ट्र चुनाव में ताकत झोंक रहे हैं उन्होंने रविवार महाराष्ट्र के शिंदखेड़ा समेत कई स्थानों पर चुनाव प्रचार किया और विपक्षियों को आड़े हाथों लिया। उन्होंनेक कहा कि जो राम का नहीं, वो किसी काम नहीं है।

बिना विपक्षियों का नाम लिए कहा कि इन्हें धर्म की बात करने पर आपत्ति है, कह रहे हैं कि भाजपा धर्म की बात करती है। मैं आपसे पूछना चाहता हूं, धर्म की बात छोड़कर क्या अधर्म की बात करनी चाहिए। इनके पैरों के नीचे की जमीन खिसकती जा रही है, इसलिए ये धर्म की आड़ ले रहे हैं। भाजपा तो पहले से अपनी बातों पर अडिग है और आगे भी रहेगी। हम भगवान राम को मानने वाले लोग हैं, जो इन्हें पसंद नहीं है।

### ये एयर स्ट्राइक का सबूत मांग रहे थे

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में आए दिन आतंकी धमाके होते थे। 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में धमाके होना पूरी तरह से बंद हो गए। अब पाकिस्तान एक गोली चलाने को सोचता है तो उसके घर में गोला आकर गिरता है। हमारी सेना जब दुश्मन देश में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक व एयर स्ट्राइक करती है तो कांग्रेस नेता और उसके सहयोगी दल सेना से सबूत मांगकर उनका मनोबल तोड़ने का प्रयास कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने छत्रपति संभाजी नगर जिले के छत्रपति संभाजी नगर मध्य विधानसभा के यशवंतराव चव्हाण ऑडिटोरियम में आयोजित सामाजिक बैठक में संवाद करते हुए कहा कि महाराष्ट्र की महायुति सरकार छत्रपति शिवाजी का सपना साकार करने के साथ सनातन को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण से दिक्कत है। उन्होंने भगवान के अस्तित्व को नकारा। स्वर्गीय बाबा साहब ठाकरे ने अपना पूरा जीवन सनातन धर्म के उत्थान के लिए लगाया और अब उनके नाम पर राजनीति करने वाले सत्ता की भूख में सनातन संस्कृति को ही भूल गए।




## संपादकीय

# समस्या के बाद भी समस्या

सुदूर पूववर्ती राज्य मणिपुर में पिछले करीब डेढ़ साल से हिंसा की कभी तेज तो कभी धीमी होती आंच ने सभी को झुलसा रखा है। अब जिरीबाम में पिछले एक सप्ताह के दौरान हुई हिंसा की घटनाओं ने एक बार फिर राज्य में तनाव काफी बढ़ा दिया है। हालात इस कदर नाजुक है कि मंत्री और विधायकों के घरों पर हमले हो रहे हैं। हाल में सैन्य बलों के अभियान में कुकी-जो समुदाय के दस विद्रोहियों के मारे जाने के बाद जिरिबाम में मैतेई समुदाय के छह लोगों की लाशें मिलने से पूरे राज्य में तीन दिन से जबरदस्त तनाव है। आतंकियों की तरफ से मैतेई समुदाय की तीन महिलाओं और तीन बच्चों का एक कैंप से कथित तौर पर अपहरण करने के बाद इन्हें मौत के घाट उतार दिया गया था। इसके बाद से ही पूरे क्षेत्र में हिंसा भड़क उठी और तीन मंत्री,छह विधायक समेत मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के दामाद समेत कई विधायकों और नेताओं के घरों को निशाना बनाया गया है। इंफाल में इसी हिंसा से जुड़े कई निशान देखे गए। फिलहाल इंफाल घाटी क्षेत्र में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लागू है और इंटरनेट सेवाएं भी बंद हैं। पहले भी हालातों को देखते हुऐ केंद्र सरकार ने तत्काल केंद्रीय सशस्त्र बलों की 20 अतिरिक्त कंपनियां हवाई मार्ग से भेजी थीं। राज्य में भारी संख्या में सुरक्षा बल पहले से तैनात हैं। वहां सीआरपीएफ की 115 कंपनियां और बीएसएफ की 84 कंपनियां तो हैं ही, इसके अलावा आरएएफ एसएसबी और आईटीबीपी की भी कंपनिया तैनात हैं। राज्य पुलिस और सेना के जवान इसके अतिरिक्त हैं। जाहिर है, इतने बड़े पैमाने पर सुरक्षा बलों की तैनाती के बावजूद अगर हालात काबू में नहीं आ रहे तो मामला सिर्फ सुरक्षा बलों की संख्या का नहीं, कुछ और भी है। पिछले एक सप्ताह के घटनाक्रम पर गौर करें तो भी यह साफ हो जाता है कि प्रशासनिक कार्रवाइयों का वैसा असर नहीं दिख रहा जैसा कि होना चाहिए। खास बात यह कि अलग-अलग समुदायों के लोग सुरक्षा बलों के अलग-अलग हिस्सों पर पक्षपात का खुला आरोप लगाते हैं। हालांकि इस तरह के सामुदायिक तनाव की स्थितियों में सुरक्षा बलों पर पक्षपात के आरोप कोई नई बात नहीं है, लेकिन इस तरह का अविश्वास अमूमन तात्कालिक ही होता है। मणिपुर में पिछले साल मई से शुरू हुआ हिंसात्मक घटनाओं का सिलसिला न तो कभी पूरी तरह बंद हुआ और न ही माहौल सामान्य हो सका। सबसे बड़ी बात यह है कि स्थानीय आबादी का विश्वास हासिल करने का कोई विशेष प्रयास भी होता हुआ नहीं दिखा। हिंसा के इतने लंबे दौर की जिम्मेदारी तय करने की कोई कोशिश नहीं नजर आई। ऐसे में सुरक्षा बलों की तैनाती और विभिन्न पक्षों में बातचीत के दावे फलित होते नहीं दिख रहे। मणिपुर एक सीमावर्ती और खासा संवेदनशील राज्य है। इसलिए हालात को जल्द सामान्य करना हर वह व्यक्ति जरूरी समझता है जो रोजमर्रा के देश के हालातों के प्रति जागरुक है, लेकिन केंद्र व राज्य की सरकार इसे कैसे देखती है, यह भी बड़ा सवाल है। राज्य के जैसे हालात हैं, उसने मणिपुर की तमाम विशेषताओं को ढंक दिया है, समझा जा सकता है कि हिंसा के इस माहौल में मणिपुर का सामाजिक जीवन,संस्कृति कितनी बुरी तरह प्रभावित हुई होंगी। जाहिर है कि इन हालतों में शिक्षा व रोजगार के मोर्चों पर भी युवाओं व जरूरतमंदों में मायूसी होगी। यह स्थिति लंबे समय से चल रही है और यदि यह तत्काल सुधर भी जाए तो इसका प्रतिकूल असर सामाजिक व आर्थिक जीवन पर और भी लंबे समय तक नजर आता रहेगा।

**अगर सांप जहरीला न भी हो तो भी उसे जहरीला होने का ढोंग करना चाहिए।**

**-चाणक्य**

## आज का इतिहास

- 1727- महाराजा जय सिंह द्वितीय ने जयपुर शहर की स्थापना की। शहर के वास्तुकार बंगाल के विद्याधर चक्रवर्ती थे।
- 1738- फ्रांस और आस्ट्रिया के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर।
- 1833- हॉलैंड और बेल्जियम के बीच जोनहोवेने संधि पर हस्ताक्षर।
- 1772- पेशवा माधवराव प्रथम के छोटे भाई नारायणराव ने गद्दी संभाली।
- 1909- अमेरिका ने निकारागुआ पर हमला किया।
- 1918- उत्तर पूर्वी यूरोपीय देश लातविया ने रूस से स्वतंत्रता की घोषणा की।
- 1948- बिहार की राजधानी पटना के निकट स्टीमर 'नारायणी' दुर्घटनाग्रस्त होने से पांच सौ लोग डूबे।
- 1951- ब्रिटिश सेना ने मिस्र के इस्मालिया क्षेत्र पर क़ब्ज़ा किया।
- 1956- मोरक्को ने स्वतंत्रता हासिल की।
- 1959- आईएनएस विराट को ब्रिटिश रॉयल नेवी में कमीशंड किया गया था।
- 1972- बाघ को राष्ट्रीय पशु चुना गया।
- 1994- संयुक्त राष्ट्र ने फ़िलिस्तीनियों के आत्मनिर्णय के अधिकार को मान्यता दी।
- 2002- संयुक्त राष्ट्र हथियार निरीक्षकों का पहला दल हैंस ब्लिक्स की अगुआई में बगदाद पहुँचा।
- 2003- श्वार्जेनेगर ने कैलीफ़ोर्निया के गवर्नर पद की शपथ ली।
- 2005- प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे श्रीलंका के नये राष्ट्रपति निर्वाचित।
- 2008- केन्द्र ने वैश्विक आर्थिक मंदी से देश की अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए 50,000 करोड़ देने का निर्णय किया।

## निशाना

### मची चीख पुकार !



-कृष्णेन्द्र राय

**हृदयविदारक घटना।**
**कौन सुने पुकार ?**
**सजा मिले जरूर।**
**जो भी जिम्मेदार।।**
**हुई भारी क्षति।**
**मची चीख पुकार।।**
**लापरवाही है बड़ी।**
**बिलख रहे परिवार।।**
**शुरु राजनीति है।**
**जो होती हर बार।।**
**अपने अपने ढ़ंग से।**
**हो रहे प्रहार।।**
**है चिंता स्वाभाविक।**
**लगी ना लगाम।।**
**क्या फिर से व्यवस्था।**
**हो रही नाकाम ?**

# मुस्लिमों के कल्याण और रक्षा के लिए असली राष्ट्रीय नेता कौन?

### महाराष्ट्र , झारखंड , बिहार , उत्तर प्रदेश बंगाल सहित दक्षिण और पूर्वी प्रदेशों में मुस्लिमों के नाम पर राजनीति

**आलोक मेहता**



भारत की आज़ादी से पहले मुस्लिमों के शीर्ष नेता , शिक्षाविद सर सैयद अहमद खान ने 1883 में पंजाब की एक बड़ी सभा में कहा था - 'आप जिस हिन्दू शब्द का प्रयोग करते हैं , मेरी दृष्टि से केवल धर्म का नाम नहीं है । हिंदुस्तान का हर निवासी अपने को हिन्दू कह सकता है । मुझे तो इस बात का दुःख है कि कई लोग मुझे हिन्दू नहीं समझते , जबकि मैं भी हिंदुस्तान का वासी हूँ ।'

इसी तरह 27 जनवरी 1883 को पटना की एक बड़ी सभा में कहा - ' हम दोनों , भारत की हवा में सांस लेते हैं और गंगा जमुना का पवित्र जल पीते हैं । हम भारत की जमीन की उपज से अपनी भूख मिटाते हैं । मुसलमानों ने बहुत से हिन्दू तौर तरीके अपनाए और हिन्दुओं ने बहुत से आचार ग्रहण किए । हम इतने घुल मिल गए कि हमने एक नई भाषा उर्दू विकसित की, जो न मुसलमानों की भाषा थी और न ही हिन्दुओं की । इसलिए यदि हम जीवन के उस हिस्से को छोड़ दें जो ईश्वर यानी धर्म का है , तो निसन्देह यह मानना पड़ेगा कि हमारा देश एक है , कौम एक है और देश की भलाई तथा हमारी एकता , परस्पर सहानुभूति और प्रेम पर निर्भर है । अनबन , झगड़े और फूट हमें समाप्त कर देंगे ।'

वर्तमान दौर में राहुल गाँधी की कांग्रेस पार्टी और उनके गठबंधन के नेता मुस्लिमों के लिए इस तरह की बातें क्यों नहीं कर सकते ? वे मुस्लिमों की अलग पहचान , आरक्षण , मदरसों , वक्फ , हिजाब सहित कट्टरपंथी बातों का समर्थन कर रहे हैं । उनको पाखंडी कहकर विरोध करने वाले ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख नेता असदुद्दीन ओवैसी भी केवल मुस्लिमों को बचाने और हकों के लिए लड़ने की बातें कर रहे हैं । सबसे खतरनाक तथ्य यह है कि कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गाँधी और उनकी बहन पार्टी महासचिव प्रियंका गाँधी केरल में जमात ए इस्लाम पार्टी का



समर्थन लेते हैं , जो दुनिया में कट्टर इस्लामी राज कायम करने , शरीयत कानून लागू करने के लक्ष्य पर काम कर रही है । कांग्रेस दक्षिण में जमात और मुस्लिम लीग , जम्मू कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस की बैसाखी का उपयोग कर रही है । इतिहास इस बात का भी गवाह है कि कांग्रेस की गलतियों के कारण सर सैयद अहमद खान जैसे नेता मुस्लिमों के लिए अलग देश की मांग करने वाले समूह के साथ हो गए और मोहम्मद अली जिन्ना उत्तरधिकारी बन गया , जिससे पाकिस्तान बन गया । इसलिए वर्षों से समाज , मीडिया और राजनीति में यह सवाल उठता है कि मुस्लिमों के हितों की रक्षा करने वाला असली मुस्लिम नेता कौन है और जिस पर सही मायने में मुस्लिम समुदाय अपनी प्रगति के लिए स्वीकारे और आधुनिक विकसित भारत में सबकी भागेदारी हो ? यह भी याद रखा जाना चाहिए कि 1903 में ब्रिटिश लार्ड कर्ज़न ने हिंदू मुस्लिम एकता और सद्भावना तोड़ने के लिए बंगाल के विभाजन की योजना पर अमल शुरु किया था । तब उसके विरुद्ध सम्पूर्ण भारतीय समाज में तीखी प्रतिक्रिया के साथ सभाओं और सम्मेलनों के आयोजन हुए । 1905 में स्वयं लियाकत हुसैन ने सुरेन्द्रनाथ बनर्जी को पत्र लिखकर बंग विभाजन के विरुद्ध बहिष्कार को एकमात्र उपाय बताया था । लेकिन वर्तमान दौर में कांग्रेस के पास ऐसा मान्य मुस्लिम नेता तक नहीं है और पिछले दशकों में जिन मुस्लिम नेताओं ने बढ़ने की कोशिश की , पार्टी नेतृत्व ने उनके पर काटने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी ।

आज जो शरद पवार मुस्लिमों के रक्षक होने का दावा करते हैं , इंदिरा गाँधी काल में महाराष्ट्र में अब्दुल रहमान अंतुले के सबसे प्रबल विरोधी बन गए थे । इंदिरा गाँधी से लेकर राजीव सोनिया और राहुल गांधी के सबसे अधिक वफादार रहे अहमद पटेल को कभी राष्ट्रपति , उप राष्ट्रपति या पार्टी अध्यक्ष बनाने की पहल तक नहीं की । दशकों तक साथ निभाने वाले गुलाम नबी आज़ाद तो राहुल गाँधी और उनकी सलाहकार मंडली के रवैये से तंग आकर कांग्रेस छोड़कर चले गए । सलमान खुर्शीद बड़े वकील और कांग्रेस के लिए अनुकूल स्थिति में दो चुनाव जीते और मंत्री आदि रहे , लेकिन पिछले दो तीन चुनावों में तो अपने निर्वाचन क्षेत्र फर्रुखाबाद में पराजित होकर तीसरे चौथे स्थान पर रहे । हाँ बड़ी जोड़ तोड़ के बाद दिल्ली के इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर के चुनाव में अवश्य अध्यक्ष बन गए । महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव में कांग्रेस शरद पवार और उनकी राष्ट्रवादी पार्टी की कृपा पर निर्भर हैं । शरद पवार आपराधिक पृस्ठभूमि वाले स्थानीय नेताओं के अलावा कुख्यात माफिया के साथ संबंधों और मुंबई दंगों से जुड़े आरोपों से घिरे रहे हैं । दूसरी तरफ कांग्रेस ही नहीं अन्य पार्टियों के साथ जुड़ने टूटने की प्रवृत्ति तथा अब उद्धव ठाकरे की विभाजित शिव सेना और उसके कट्टरपंथी विचारों के कारण क्या मुस्लिम समुदाय उन पर पूरा भरोसा कर सकेगा ? शरद पवार नरसिंहा राव के सत्ता काल से प्रधान मंत्री बनने का सपना देखते रहे , लेकिन महाराष्ट्र में ही उनका आधार कमजोर होता गया , तब बिहार , उत्तर प्रदेश , बंगाल जैसे राज्यों में वे मुस्लिम समाज का व्यापक समर्थन कहाँ पा सकते हैं ।

अब तो उनके सबसे बड़े पारिवारिक सेनापति अजित पवार और नवाब मलिक असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के झंडे , चुनाव चिन्ह और भाजपा व शिंदे की असली शिव सेना के साथ मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं । मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह दशकों से मुस्लिम , पिछड़ों , दलितों के नाम पर राजनीति करते रहे लेकिन मुस्लिम बहुल भोपाल जैसे क्षेत्र से चुनाव में बुरी तरह हारे और इस बार तो अपने गृह नगर राजगढ़ में भी पराजित हो गए । वह विवादास्पद स्थानीय मुस्लिम नेताओं के संरक्षक बनने के साथ कागजी बाबाओं को अपनी सरकार में मंत्री स्तर वाले पद और सुविधाएं देते रहे । ऐसे में उनके बल पर राहुल गाँधी मुस्लिमों का कितना विश्वास अर्जित कर सकेंगे । बंगाल में अधीर रंजन चौधरी को लोक सभा में नेता पद तक दिया गया , लेकिन वह इस बार खुद चुनाव हार गए । बंगाल असम के मुस्लिमों के लिए कांग्रेस का कोई प्रमुख नेता नहीं बचा । दूसरी तरफ असदुद्दीन ओवैसी और उनकी पार्टी हैदराबाद तेलंगाना , आंध्र के दो चार इलाकों में थोड़ा प्रभाव रखती है । अन्य राज्यों के मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में इक्का दुक्का सीटें जीत पाती हैं । यही कारण है कि पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा राष्ट्रीय अथवा राज्यों के चुनावों में सभी धर्मो, वर्गों, जातियों, दलितों, आदिवासियों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, अनाज, मकान, पानी, बिजली, खेती के लिए अनुदान आदि की योजनाओं के समान लाभ देने के प्रयासों से लोक सभा और कई विधान सभाओं के चुनाव जीती है । यही नहीं संघ भाजपा के शीर्ष नेता और उनके पुराने प्रचारक इंद्रेश कुमार तो मुस्लिम राष्ट्रीय मोर्चा बनाकर ईद दिवाली के अवसरों पर वही तर्क देते हैं जो सर सैयद अहमद खान देते थे कि हिंदुस्तान में रहने वालों की धार्मिक पूजा अर्चना भिन्न हो सकती है लेकिन सभी नागरिक हिन्दू भारतीय हैं ।

**(साभार :ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# जलवायु और स्वास्थ्य नीतियों में तारतम्य का वक्त

**दिनेश सी. शर्मा**

अजरबैजान के बाकू में जलवायु वार्ता का वार्षिक दौर खतरे की घंटी के साथ शुरू हुआ है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने अपने वार्षिक आकलन में बताया है कि 2024 सबसे गर्म साल रहने का रिकॉर्ड बनाने जा रहा है, जिसमें जनवरी और सितंबर के बीच वैश्विक औसत तापमान में वृद्धि का पारा औद्योगीकरण से पहले रहे स्तर से लगभग 1.54 डिग्री सेल्सियस अधिक के आसपास मंडराता रहा। यह एक गंभीर खतरा है क्योंकि यह इजाफा उस 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिकतम सीमा से ऊपर है, जिसे वैज्ञानिकों ने तय किया था और विश्व समुदाय ने उत्सर्जन में कमी लाकर इसको इस हद से नीचा रखने के लिए सहमति बनाई थी।

पेरिस समझौते का लक्ष्य औद्योगीकरण से पहले रहे स्तर की तुलना में धरती की सतह के औसत वैश्विक तापमान में वृद्धि को दीर्घकाल में 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे रखने और ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के प्रयासों को आगे बढ़ाना था। जबकि इस वर्ष ला नीना प्रभाव के कारण गर्मी में बढ़ोतरी हो सकती है। इस तथ्य से इंकार नहीं किया जा सकता है कि वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड घनत्व निरंतर बढ़ रहा है जो तापमान वृद्धि का कारण बनती है।तापमान वृद्धि से अतिवृष्टि और बाढ़, तीव्र उष्णकटिबंधीय चक्रवात, जानलेवा गर्मी, सूखा और जंगल की आग जैसे भयावह परिणामों के अलावा अनेक गहरे प्रभाव पड़ रहे हैं। जैसा कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने व्याख्या की है : 'जलवायु आपदा स्वास्थ्य को नुकसान, असमानता में बढ़ोतरी और सतत विकास को हानि पहुंचा रही है, यह शांति की नींव को भी हिला रही है'। फंड, उपायों पर अमल और जलवायु वार्ताओं के परिणाम चाहे जो भी हों, दुनिया के सामने यह संकट मुंह बाए खड़ा है।

जलवायु परिवर्तन का स्वास्थ्य पर प्रभाव व्यापक होता है। स्वास्थ्य और जलवायु परिवर्तन पर हालिया रिपोर्ट 'द लैंसेट काउंटडाउन' बताती है -'हर देश में अब लोगों को अपने स्वास्थ्य और अस्तित्व पर बने खतरे का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि जलवायु संकट बढ़ रहे हैं'। सेहत पर प्रभाव डालने वाले कारकों में अब बढ़ती गर्मी प्रमुख वजह है, वर्ष 2023 में लोगों को औसतन 50 से अधिक दिनों तक लगातार प्रचंड गर्मी झेलनी पड़ी, जबकि मौसम में आए बदलावों से पहले ऐसा नहीं होता था। इसके परिणामवश 65 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में जितने लोगों की मौतें हुई, वे 1990 के दशक के औसत से 167 प्रतिशत अधिक हैं। सर्वेक्षण में पाया कि 31 देशों ने कम-से-कम 100 दिनों से अधिक अवधि के लिए स्वास्थ्य के लिए खतरनाक बनी गर्मी भुगती, जलवायु परिवर्तन के बिना ऐसा होने की उम्मीद न होती।

गर्मी के असर से शारीरिक गतिविधि और नींद की गुणवत्ता पर प्रतिकूल असर पड़ता है, जिससे शारीरिक-मानसिक सेहत प्रभावित हो रही है। जो कर्मचारी खुले में या गैर-ठंडे बाहरी वातावरण में काम करते हैं, उन्हें स्वास्थ्य जोखिमों का




सामना करना पड़ता है और उनकी उत्पादकता प्रभावित होती है। यह बहुत बड़ा नुकसान है क्योंकि विश्व स्तर पर लगभग 1.6 बिलियन लोग यानि कामकाजी आयु वर्ग की 25.9 प्रतिशत हिस्सा खुले में काम करता है। इसमें कृषि मज़दूर, विनिर्माण एवं बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर कार्यरत और अनौपचारिक क्षेत्र में लगे लोग शामिल हैं।स्वास्थ्य पर जलवायु परिवर्तन का अन्य बड़ा असर यह होगा कि इससे जल-जनित, मच्छर-जनित, खानपान-जनित और वायु-जनित रोगों का प्रसार बढ़ने का खतरा है। बढ़ता तापमान, अतिशयी बारिश एवं सूखा, भूमि उपयोग में बदलाव और मानवीय गतिविधियां इस जोखिम में इजाफा करते हैं। उदाहरणार्थ पिछले 20 सालों में विश्व मेंडेंगू का प्रकोप बढ़ा है। 2023 में, एडीज एजिप्टी जैसे मच्छर का और अधिक इलाकों में फैलाव होने के कारण दुनियाभर में डेंगू के लगभग पचास लाख मामले सामने आए। तापमान वृद्धि के साथ हाल के दशकों में मलेरिया फैलने वाली अवधि भी बढ़ी है। दुनिया का 17 प्रतिशत अतिरिक्त भूभाग पी-फाल्सीपेरम जैसे मलेरिया परजीवियों के फलने-फूलने के अनुकूल हो गया है। जलाशयों के तापमान और लवणता में परिवर्तन के चलते जल जनित रोगों का संक्रमण अधिक फैल रहा है।

ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कटौती और जलवायु परिवर्तन धीमा करने को निर्णायक कदम उठाने पर राजनेताओं और नीति निर्माताओं में आम सहमति बनने का दुनिया अनिश्चित काल तक इंतजार नहीं कर सकती। वार्षिक जलवायु परिवर्तन वार्ताएं अपने-अपने राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय आर्थिक हितों की रक्षा सुनिश्चित रखने के प्रयास बनकर रह गई हैं, और ऐसे पैंतरे अपनाए जाते हैं जिससे काम जल्दी होने की बजाय लटका रहे। इसलिए रास्ता यही कि लचीला जलवायु संबंधी तंत्र बने और उस पर अमल हो। हालांकि यह करना भी एक चुनौती है, उदाहरणार्थ, एयर-कंडीशनिंग जैसा उपाय अपनाना गर्मी के बढ़ते प्रकोप का स्थायी हल नहीं। यह महंगा व ऊर्जा की भारी खपत करने वाला है ,गर्मी के उत्सर्जन में योगदान करता है। इससे शहरी क्षेत्रों में, वाणिज्यिक और आवासीय भवनों में एयर-कंडीशनर के अत्यधिक उपयोग से बना 'हीट आइलैंड' बढ़ता है। इसलिए, हमें अक्षय ऊर्जा के साथ-साथ नवीकरणीय कम ऊर्जा खपत वाली शीतलन तकनीकों द्वारा संचालित एयर-कंडीशनिंग चाहिये।

डेंगू जैसी चुनौतियों के लिए, हमें जोखिम कम करने, एकीकृत मच्छर नियंत्रण उपायों और स्वास्थ्य प्रणालियों को अधिक प्रतिक्रियाशील बनाने पर जोर देने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य क्षेत्र को भी अपने उत्सर्जन में कटौती करनी होगी - वर्तमान में, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में वैश्विक स्वास्थ्य सेवाओं का हिस्सा 5 प्रतिशत है। डब्ल्यूएचओ ने कॉप-29 सम्मेलन से पहले जारी की रिपोर्ट में बताया है कि स्वास्थ्य पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिए शहरों पर ध्यान देना आवश्यक है। शहरी नीतियां कुछ ऐसी बनाई जाती हैं जिनका असर वायु गुणवत्ता, परिवहन, ऊर्जा उपयोग, शहरी डिज़ाइन, हरित क्षेत्र, आवास और भोजन की पहुंच पर होता है और यह आगे सार्वजनिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं। इसलिए, कम कार्बन और स्वच्छ ऊर्जा प्रणालियों वाले बदलाव लाने में देरी मानव स्वास्थ्य के लिए बड़ी हानि है।

स्वास्थ्य पर जलवायु बदलावों का असर कम करने वाले तमाम उपायों पर काम करने की गाड़ी आखिर में आकर नई व्यवस्था और बेहतर विकल्प अपनाने पर होने वाले खर्च पर आकर अटक जाती है। इस हेतु अरबों डॉलर का अतिरिक्त फंड, जिसे देने का विकसित राष्ट्रों ने वादा किया था, शायद ही कभी पूरा हुआ हो। जलवायु सुधार फंड जुटाना एक जटिल मुद्दा है, उम्मीद करें कि बाकू में इस पर सार्थक प्रगति हो पाएगी। हालांकि, यह लगता नहीं, क्योंकि अमेरिका, चीन, रूस, फ्रांस और ब्राजील सहित शीर्ष विश्व नेताओं ने वार्ता के शिखर सम्मेलन वाले सत्र में भाग न लेने का फैसला किया है। जैसा कि डब्ल्यूएचओ का कहना है कि जलवायु-फंड अंततः स्वास्थ्य-फंड है। जहां एक और जलवायु कार्रवाई के लिए धन का इंतजाम मानव स्वास्थ्य और अस्तित्व के लिए जरूरी प्रणालियों को बचाने में मदद कर सकता है वहीं स्वास्थ्य पर जलवायु परिवर्तन के प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष प्रभावों को कम करने और परस्पर जुड़े लाभ प्रदान करने में मदद कर सकता है। वर्तमान में, इस हेतु बना फंड बहुत कम है तिसपर उपलब्ध निधियों ( ऋण, कर्ज आदि ) का नाम बदलकर जलवायु-फंड किया जा रहा है। विकासशील और गरीब देशों को जलवायु सुधार, विशेष रूप से स्वास्थ्य अनुकूलन के लिए, अतिरिक्त फंड की आवश्यकता है। जलवायु और स्वास्थ्य नीतियों में तारतम्य बनाने का समय आ गया है क्योंकि मानव स्वास्थ्य और पृथ्वी की सेहत का नाता गहरे तक जुड़ा है।

**(साभार :लेखक विज्ञान संबंधी विषयों के जानकार हैं।)**

# स्कूल प्रबंधन की लापरवाही से शांतिनिकेतन की स्कूल वैन की टक्कर से तीन छात्राएं घायल

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

नगर के एक प्रसिद्ध प्राइवेट स्कूल शांति निकेतन में शनिवार को एक भीषण घटना होते-होते टल गई हालांकि इसकी चपेट में आने से तीन स्कूली छात्राएं घायल हो गई. घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है.

शनिवार की सुबह करीब 11.30 बजे शांति निकेतन स्कूल में घटना उसे समय हुई स्कूल की छुट्टी का समय था. स्कूल में रंगाई

**घटना शांति निकेतन स्कूल परिसर में खड़ी वेन से हुई**



पुताई का काम करने वाला एक स्कूल परिसर में खड़ी स्कूली वेन में बैठ गया और उसको स्टार्ट करके चलाने लगा. जबकि उसे वाहन



चलना नहीं मालूम था. इस दौरान वाहन पीछे लुढ़कने लगा. पीछे खड़ी बाइक भी वेन की चपेट में आ गई. गाड़ियों को टक्कर मारते हुए तेज गति से पीछे आ रही स्कूली वेन ने पीछे खड़ी छात्राओं को भी टक्कर मारी जिससे वह घायल हो गई. एक छात्रा के गले में और सिर में टांके आए. दो छात्राओं के पैर में चोट आई.

शांति निकेतन स्कूल की संचालक का कहना है कि पेंटर स्कूल में पुताई का काम करने आया था. स्कूल परिसर में खड़ी वेन पर चढ़कर पेंटर ने गाड़ी स्टार्ट कर दी. उसे गाड़ी चलाना नहीं आती थी इसी कारण से गाड़ी स्टार्ट होते ही पीछे की ओर आ गई.

## वरिष्ठ अधिकारी के आदेशों की कर रहे अवहेलना

# संभागीय आईटीआई के प्राचार्य की अनदेखी से कर्मचारी कर रहे मनमर्जी

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

संभागीय आई टी आई में कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच गृहयुद्ध शीत लहर की तरह चल रहा है । किसी को शीत लहर से मजा आ रहा है ,तो किसी को गृह युद्ध की ठंड सता रही है । लेकिन इस बीच जो नुकसान हो रहा है वह छात्रों का है जो अपने जीवन के अमूल्य क्षण आईटीआई आकर दे रहे है । उनकी पूछ परख करने वाले न तो यहाँ के राजनैतिक पदाधिकारी है न प्रशासनिक अधिकारी ऐसे में छात्रों का भविष्य अधर में लटका है. पढाई पूरी तरह अस्त-व्यस्त है. छात्रों को फेल करने का डर इतना सता रहा है कि वह मीडिया के सामने आने से भी डर रहे है. कुछ छात्रों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हमारे सर बहुत कम समय पढाते है , सुबह शाम आने - जाने के समय पर आते है और वायेमेट्रिक मशीन में अगूठा लगा कर चले जाते है । ताकि उपस्थिति दर्ज हो सके। इस बात की भी पुष्टि संस्थान में लगे सीसीटीव्ही केमरों से की जा सकती है । लेकिन अब देखना यह है कि छात्रों के भविष्य की चिंता कौन करता है. बात यदि हम हस्ताक्षर की करें तो एक जरा




सा चिंह जिसे हस्ताक्षर कहते है यह बहुत बडी जिम्मेदारी का विषय है हस्ताक्षर की दम से ही सारे आदेश /काम ,सफल और विफल होते है। और हस्ताक्षर का सौभाग्य हर किसी को नही मिलता कि वह सरकारी दस्तावेजों पर अपने हस्ताक्षर कर शासन के निधारिंत कामों को पूरा करे । वह भी जिम्मेदारी के साथ । लेकिन ऐसे जिम्मेदारी वाली जगह पर जब कोई सरकारी कर्मचारी अपने पद और निष्ठा के प्रति लापरवाह हो तो ऐसे कर्मचारियो को कठोर कार्यवाही के साथ तत्काल पद से बरखास्त कर देना चाहिए ऐसा ही एक मामला सूचना के अधिकार के माध्यम से उजागर हुआ है जो लापरवाही और अपने पद के प्रति गैरजिम्मेदारी का पर्दा खोल रहा है संभागीय आईटीआई में इस प्रकार की कार्यप्रणाली देखी जा रही है कि जो यह बता रही है कि यहा कुछ तो दाल में काला है कार्यालय आदेश क्रमांक /सं औप्रष/नपु/मु.लि/ 2024/1459 दिनॉक 15 फरवरी 2024 तक की स्थ्तति में कार्यभार जब महेष कुमार सैनी सहायक ग्रेड3 के पास स्थापना अनुभाग का चार्ज है तो इस समय अवधि के पूर्व दिनॉक में श्रीमति राजेष पाल सहायक ग्रेड 2 प्रभार निरंक है तो फिर अपने काउटंर हस्ताक्षर क्यों किये है वह भी एक जगह नही लगभग 500 महत्वपूर्ण दस्तावेजो पर किये है जो हमारे पास सूचना का अधिकार में प्रमाणित प्रतियों में उपलब्ध है.लेकिन मजें की बात यह है कि इस प्रकार के कार्य यदि संस्था में चल रहें है तो प्राचार्य क्या कर रहें है यह तो जॉच का विषय हैं क्यों कि कुछ तो दाल में काला है ऐसा लोग कहते है लेकिन यहॉ तो पूरी दाल ही काली है फिर भी सब के चहरे पर लाली है.

### स्टोर शाखा से ग़ायब है लाखों बेश.कीमती सामान

लंबे समय से किसी महत्वपूर्ण वरिष्ठ अधिकारी द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नर्मदापुरम का सूक्ष्म निरीक्षण न होने के कारण कई सामान लापता है और कई सामान को चुपके चुपके बेच दिया गया है और कुछ सामान आपको काग़ज़ पर दिखाई देगा लेकिन वास्तव में सामान नहीं है ,यह गलती पकाने के लिए टैक्नीकल और सूक्ष्म ज्ञान होना आवश्यक है और निष्ठापूर्ण जाँच होगी तभी सामने आ पाएगा वरना यहाँ के अधिकारी इतने शातिर और समझदार हैं कि उन्हें सब पता है कि जाँच अधिकारी को क्या खिलाना है जिससे की ग़ायब सामान उनकी आँखों में दिखाई ना दें

काग़ज़ पर चल रहे खेल के मुख्य कलाकार को जेब भरने के अलावा और कोई काम नज़र नहीं आ रहा है अपनी जेब भरने के लिए शासन और वरिष्ठ अधिकारी को ताक में रख दिया इसीलिए भी स्टोर शाखा की तरफ़ नज़र ही नहीं जा रही है यहाँ तक पुरानी बिल्डिंग के निकले मटीरियल कि यदि हम बात करें तो पैरों तले की ज़मीन खिसक जाएगी क्योंकि नई बिल्डिंग बनाने के पूर्व से ही गेम चालू हो गए थे टेंडर से लेकर सामान डिग्री तक सभी खेल बोहोत ही अद्भुत और चमत्कारिक तौर पर किए गए हैं जो सबको समझ में नहीं आएंगे इस तरह की लीपापोती की गई है.

## सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के मढई में टाइगर का दीदार




नर्मदापुरम। सतपुड़ा टाइगर रेंज के मढई क्षेत्र में शनिवार को मढई घूमने आए पर्यटकों को चार बाघ दिखाई दिए. जिप्सी पर सवार इन पर्यटकों ने बाघों को अपने कमरे में कैद किया. कुछ दूर तक यह बाघ जिप्सी के पीछे-पीछे तक चलते रहे. बाघ परिवार को इस तरह सामने देखकर पर्यटक रोमांचित हुए।

# नपा की विद्युत व्यवस्था को लेकर सीएमओ की लापरवाही उजागर

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

दिन में स्ट्रीट लाइट जलती रहती है. उस पर ध्यान देना किसी के लिए भी आवश्यक नहीं समझा जा है. इसी लापरवाही की वजह से नगरपालिका का लाखों रुपए का बिजली का बिल आता है. जो जनता के टैक्स से एकत्र हुए रुपए से भरा जाता है. महिला मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने जब से यहां का प्रभार संभाला है तभी से नगर पालिका के कामों में लापरवाही देखी जा रही है. हालांकि इसके पहले भी कई महिला अधिकारी यहां नियुक्त हो चुकी है लेकिन उन्होंने जितनी मुस्तेदी से नगर पालिका का काम किया था उसकी तुलना में वर्तमान नगर पालिका अधिकारी की कार्य शैली ना के बराबर है.

वर्तमान मुख्य नगर पालिका सिर्फ अपने मतलब के कामों पर ही ध्यान देते हैं. उन्हें नगर की व्यवस्था तथा नागरिकों की तकलीफों से



ज्यादा लेना देना नहीं है.

जब मुख्र्य नगर पालिका अधिकारी से कोई मीडिया कर्मी किसी समस्या के बारे में बात करते हैं तो वह उनकी बात सुने बगैर ही तेज आवाज में अपनी बात कहना शुरू कर देते हैं. स्वयं को जरूर से ज्यादा समझदार मानकर अपनी ड्यूटी निभा रहे इस अधिकारी को तत्काल नर्मदा नगरी से बाहर करने की व्यवस्था होनी चाहिए ताकि यहां कोई जिम्मेदार कर्तव्य निष्ठ और व्यवहार कुशल अधिकारी की नियुक्ति हो सके. यदि कुछ दिन और यहां पर पदस्थ रहे तो नगर की व्यवस्था और भी चरमरा सकती है.

# क्रिकेट संघ को दी जाएगी हर संभव मदद : डॉ शर्मा



इटारसी, दोपहर मेट्रो

इटारसी क्रिकेट संघ का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ सीतासरन शर्मा से मिला।. प्रतिनिधि मंडल ने इटारसी क्रिकेट संघ के गठन और उसके विस्तार सहित अन्य मसलों को लेकर औपचारिक मुलाकात की.इटारसी क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र पाल सिंह जग्गी ने विधायक डॉक्टर सीतासरन शर्मा को बताया कि संघ का गठन क्रिकेट की गतिविधियां बढ़ाने के लिए किया गया है।. इसके साथ ही क्रिकेट जैसे प्रचलित खेल से जुड़े खिलाड़ियों को प्लेटफार्म उपलब्ध कराना भी संघ की प्राथमिकता रहेगी.।

डॉक्टर शर्मा ने क्रिकेट और क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए हर सम्भव मदद करने का आश्वासन दिया.। इस मौके पर केक कटकर संघ के संरक्षक पंडित जितेंद्र ओझा का जन्मदिन मनाया गया.।

इस दौरान कॉमेंट्रट राकेश पांडे अनिल राठी, कुलभूषण मिश्रा, राजीव दुबे, भवानी दुबे, अतुल राठौर, हरीश हनोतिया, विनोद बारसे, कमल शुक्ला, संदीप नामदेव सहित अन्य खिलाड़ी मौजूद रहे।

## संत नामदेव महाराज की 754वीं जयंती धूमधाम से मनाई मनाई

# प्रतिभाओं को किया पुरस्कृत, युवक-युवती परिचय सम्मेलन होगा

इटारसी , दोपहर मेट्रो

संत नामदेव महाराज की 754 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ संत नामदेव जी के चित्र पर माल्यापर्ण कर किया गया। तत्पश्चात् संत नामदेवजी चालीसा का पाठ कर पूजन आरती की गई। वहीं संरक्षक लीलाधर नामदेव, डॉ. रामेश नामदेव, देवीलाल नामदेव, श्यामाचरण नामदेव, संगीता जनौरिया, श राखी शरण नामदेव का पुष्पहार से स्वागत किया गया।

रमेश नामदेव ने अपने विचार रखते हुए आयोजन की प्रशांसा की। वहीं नामदेव विकास परिषद के अध्यक्ष देवेन्द्र जनौरिया ने कहा कि आगामी समय में समाज के सहयोग से नर्मदापुरम् में संभाग स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन हो इसके लिए प्रयास किए जाएंगे। जनौरिया ने मंच से समाज की ओर से महिला मंडल सदस्यों को भजन प्रस्तुति के लिए स्पीकर व माईक सेट प्रदान करने की घोषणा की। वहीं मंच संचालक व नामदेव समाज विकास परिषद के सचिव रामचरण नामदेव ने कहा कि एक स्त्री शिक्षित होती है तो पूरी पीढ़ि को शिक्षित करती है। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में मातृशक्ति ने सहभागिता की जो प्रेरणादायक है। नामदेव समाज महिला परिषद की कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती स्वर्णलता छेनिया ने भी मातृशक्ति की ज्यादा संख्या में सहभागिता पर प्रसन्नता जताई। नामदेव समाज युवा परिषद के अध्यक्ष राहुल शरण ने कहा कि कार्यक्रम में सबकी सहभागिता जरूरी है। इसलिए समाज के हर व्यक्ति को कार्यक्रम में बढ़चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। वहीं युवा परिषद के सचिव अतुल नामदेव कहा कि नामदेव समाज का भव्य मंदिर बने इसके लिए जमीन की आवश्यकता है। इसके लिए प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े समाज के युवा असपास के क्षेत्र में मंदिर के लिए जमीन तलाशें जिससे



समाज के सहयोग से आगामी समय में समाज का मंदिर व सामुदायिक भवन बन सके। कार्यक्रम के अंत में संत नामदेव जी की प्रसादी व 56 भोग का आयोजन भी किया गया जिसमें अनिल नामदेव व दुर्गा नामदेव का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम में मंच से सामाज के प्रतिभाशाली बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति से सबको गद्गद कर दिया। विभिन्न नृत्य, कविता पाठ, चित्रकला के माध्यम बच्चों ने खूब तालियां बटोरी। इस दौरान बोर्ड परीक्षाओं में अव्वल आने वाले बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। सभी अतिथियों का आभार युवा परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश नामदेव ने माना। वहीं इस दौरान समाज के कपिल सिंगारे ने स्वयं के जन्मदिन के अवसर पर समाज के लिए सहयोग राशि प्रदान कर नई परंपरा की शुरूआत की।

विभिन्न शासकीय सेवाओं में कार्यक्रम व समाज को गौरवान्वित करने वाली महिला शक्ति का हुआ सम्मान - श्रीमती मीनाक्षी रामविलास मालवीय, श्रीमती प्रतिभा गौहरपाल नामदेव, श्रीमती ज्योति प्रशांत नामदेव, श्रीमती मुस्कान अभिषेक नामदेव वहीं पुरूष वर्ग में गयाप्रसाद नामदेव मेहरागांव, शैलेन्द्र नामदेव दीवान कॉलोनी का सम्मान किया गया।

### ये हुए पुरस्कृत

कक्षा 10वीं में 94 प्रतिशत अंजली नामदेव, 82 प्रतिशत वैष्णवी नामदेव, 87 प्रतिशत तनिष्का नामदेव, 59 प्रतिशत कृष्णा नामदेव, कक्षा 5वीं में 88 प्रतिशत अर्थव नामदेव, कक्षा 8 वीं 88 प्रतिशत ऋषिका को पुरस्कृत किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता में केन्द्रीय विद्यालय के छात्र नेशनल हॉकी अंडर 14 प्रतियोगिता में सहभागिता कर मेडल प्राप्त करने वाले विनायक नामदेव, 68 स्कूल स्टेट हॉकी प्रतियोगिता में शामिल व सिल्वर मेडल विजेता वैष्णवी नामदेव को पुरस्कृत किया गया।

**मेट्रो एंकर** नर्मदापुरम जल संसाधन स्पोर्ट्स क्लब के 88 खिलाड़ी विभिन्न खेलों में भाग लेंगे

# जल संसाधन विभाग स्पोर्ट्स क्लब की 33वीं राज्य स्तरीय खेल स्पर्धा 16से 21दिसंबर तक

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

जबलपुर में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ द्वारा आयोजित टी20 क्रिकेट प्रतियोगिता रानीताल खेल परिषद में आयोजित की जा रही है जिसमें नर्मदापुरम के जल संसाधन विभाग स्पोर्ट्स क्लब के क्षेत्रीय अध्यक्ष बशारत खान जबलपुर के प्रभारी पीके जैन रीवा के क्षेत्रीय अध्यक्ष निमेश गोस्वामी सचिव हेमंत अजनेरिया अतिथि के रूप में शामिल हुए.

वही मध्य प्रदेश खो- खो संघ की 43 वीं जूनियर बालिका बालक वर्ग की प्रतियोगिता एमएलबी स्कूल ग्राउंड में 16 दिसंबर से 18 दिसंबर तक आयोजित हो रही है. जनवरी 13 से 19 को नई दिल्ली में प्रथम वर्ल्ड कप खो खो प्रतियोगिता आयोजित हो रही है जिसमें 24 देश की टीम शामिल होगी. खो-खो खेल को बढ़ावा देने के लिए एक विशाल रैली विधायक पूर्व मंत्री अजय बिश्नोई मध्य प्रदेश खो खो संघ के सचिव संजय यादव पंडित योगेंद्र दुबे कोषाध्यक्ष विनोद पोद्दार अर्जुन अवार्ड इन नैंसी जैन शुभम काची के नेतृत्व में शहर के विभिन्न मार्गो से निकाली गई जिसमें नर्मदा पुरम खो खो संघ के जिला अध्यक्ष बशारत खान कटनी जिला अध्यक्ष प्रवीण शर्मा शामिल हुए.

**■ जल संसाधन विभाग से बैठक में बशारत खान ने किया नर्मदापुरम का प्रतिनिधित्व**




अगले क्रम में मध्य प्रदेश जल संसाधन विभाग स्पोर्ट्स क्लब की 33वीं राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता दिसंबर 16 से 21 तक जबलपुर में आयोजित करने हेतु क्लब की प्रांतीय बैठक अध्यक्ष मनीष मांडलिक की अध्यक्षता में बरगी हिल्स गेस्ट हाउस में हुई जिसमें खेल मैदान ठहरने की व्यवस्था पुल निर्धारण सहित विभिन्न तैयारी की समीक्षा की गई।

नर्मदापुरम के क्षेत्रीय अध्यक्ष बशारत खान ने बताया हरदा बैतूल छिंदवाड़ा नर्मदापुरम तवा परियोजना क्लब के 88 सदस्य क्रिकेट फुटबॉल केरम शतरंज लॉन टेनिस बैडमिंटन टेबल टेनिस वॉलीबॉल शूटिंग बॉल के अलावा महिलाओं की केरम शतरंज टेबल टेनिस बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे.

प्रतियोगिता की तैयारी का संपूर्ण ब्यौरा क्षेत्रीय अध्यक्ष जबलपुर शक्ति ठाकरे प्रभारी प्रदीप कुमार जैन ने प्रस्तुत किया सफलतापूर्वक संचालन क्लब के महासचिव मोइनुद्दीन कुरैशी ने किया इस अवसर पर पर क्लब के संरक्षक प्रवीण शर्मा पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष अखिलेश श्रीवास्तव वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश अग्रवाल कार्यालय सचिव आर एल सूर्यवंशी कोषाध्यक्ष पवन श्रीवास्तव सहित प्रांतीय पदाधिकारी समस्त क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी शामिल हुए।

## सर्वदलीय बैठक का आयोजन

# सिरोंज को जिला बनाने के लिए सर्दलीय समिति की बैठक में लिया गया संकल्प

सिरोंज , दोपहर मेट्रो

मध्य प्रदेश गठन के पहले राजस्थान की टोंक रियासत में सिरोंज जिला था पर मध्यप्रदेश में शामिल होते ही तहसील बना दिया उसके बाद से ही लोग सिरोंज को जिला बनाने के लिए संघर्ष करते आ रहे है। इसी संदर्भ में रविवार को सर्वदलीय बैठक का आयोजन नगर के एक निजी गार्डन में किया गया।

जिसमें सिरोंज क्षेत्र के अलावा लटेरी, आनंदपुर, मुगलसराय, कुरवाई, पथरिया, बमोरीसाला सहित विभिन्न क्षेत्र से जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन प्रमुख, राजनीतिक तथा लोग शामिल हुए। बैठक में द वक्ताओं ने सिरोंज जिला बनाने को लेकर अपने-अपने वक्तव्य दिए।

ज्ञात हो कि सिरोंज को जिला बनाने की मांग कई वर्षों से लगातार की जा रही है। इस दौरान आमरण अनशन, हस्ताक्षर अभियान, नगरबंद, चक्का जाम, सत्याग्रह, सामुहिक प्रदर्शन आदि आंदोलन समय समय पर किए गए। लेकिन क्षेत्र की आम जनता का यह सपना आज भी साकार नही हो सका।

इसी को ध्यान में रखते हुए सिरोंज जिला बनाओं अभियान समिति के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें सर्वप्रथम समिति के महामंत्री एडवोकेट कपिल त्यागी ने संगठन द्वारा किए गए आंदोलन व संघर्ष की भूमिका के बारे में बताते हुए कहा हमें आगे अभियान को चलाना है, आगे क्या कार्य करना है इस पर लोगों की राय जानी एवं बिंदुवार चर्चा की।



इस दौरान समिति अध्यक्ष एडवोकेट अवधनारायण श्रीवास्तव, भाजपा नेता रमेश यादव, राम मोहन पाराशर, दीपक खोड़के अशोक जैन खर्च, कांग्रेस नेत्री राजकुमारी , असलम गौरी, , राजीव जैन लक्ष्मण कटियार ,प्रमोद रघुवंशी ,अंकित साहू आदि ने अपने विचार रखें।

इन तहसीलों को मिलाकर बनाया जा सकता है सिरोंज जिला - वर्तमान में सिरोंज को जिला बनाने की मांग पुनः जोर पकड़ने लगी है इसको लेकर लगातार ज्ञापन बैठक एवं आंदोलन की रूपरेखा बनाई जा रही है, रविवार को हुई बैठक के दौरान भी सिरोंज जिला बनाने के लिए जिन तहसीलों को शामिल किया जाए उसकी रूपरेखा इस तरह बनाई गई है। जिसमें सिरोंज, लटेरी, कुरवाई तहसील को मिलाकर सिरोंज जिला बनाने की मांग की जा रही है। इनमें से सिरोंज की पथरिया उप तहसील व लटेरी की उप तहसील आनंदपुर को पूर्ण तहसील बनाकर सिरोंज जिला में शामिल किया जा सकता है। वर्ष 2014 में तैयार ड्राफ्ट के अनुसार, इन तहसीलों की 4 लाख 90 हजार 831 जनसंख्या व 2 लाख 84 हजार 143 हेक्टेयर क्षेत्रफल सिरोंज जिले के तहत आता था। वर्तमान समय मे इस क्षेत्र की जनसंख्या करीब 8 लाख हो चुकी है। इसके अलावा शमशाबाद का बड़ा क्षेत्र भी सिरोंज से जुडा हुआ है। यह लोग सिरोंज की मंडी ओर बैंकिंग सेवाओं का इस्तेमाल करते है। शमशाबाद की दूरी सिरोंज से करीब 40 किमी है। इसको भी सिरोंज जिले मे मिलाया जा सकता है।

# सीएम हेल्पलाइन और राजस्व महाअभियान में कोई चूक न हो: कलेक्टर




सिरोंज , दोपहर मेट्रो

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जिले के समस्त राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सीएम हेल्पलाइन के तहत दर्ज आवेदनों के निराकरणों में तथा राजस्व महाअभियान के तृतीय चरण की निहित बिंदुओं के क्रियान्वयन में कहीं भी किसी भी प्रकार की चूक ना हो का विशेष ध्यान देकर समय अवधि में सभी आवेदनों का निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों हेतु पूर्वानुसार विशेष पहल करने तथा स्थानीय स्तरों पर शिविरों के माध्यम से राजस्व सहित अन्य विभागों के आवेदनों को निराकृत कराने के बेहतरीन तरीके अपनाए जाएं। इसी प्रकार राजस्व महाअभियान के कार्यो को संपादित कराया जाएं। उन्होंने कहा है कि राजस्व महाअभियान जिन जिन ग्रामों आयोजित किया जाएगा उन ग्रामों में आयोजन तिथि व समय का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं ताकि जिले के सभी ग्राम राजस्व समस्या विहीन हो सकें।

कलेक्टर श्री सिंह के द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में अवकाश दिवस रविवार को भी शिवरों के माध्यम से सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। इसी कड़ी के तहत आज सिरोंज, बासौदा सहित अन्य सभी अनुविभाग क्षेत्रों में शिविर आयोजित किए गए हैं। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने बताया कि बी-ग्रेड सूची में विदिशा ग्रामीण, पठारी सिरोंज तथा सी-ग्रेड सूची में लटेरी तहसील शामिल हैं। इन सभी तहसीलों के तहसीलदारों को विशेष निर्देश प्रसारित किए गए। सीएम हेल्पलाइन के रैंकिंग माह अक्टूबर की तहसील वार रविवार 17 नवम्बर की स्थिति में लंबित आवेदनों की संख्यात्मक जानकारी तदनुसार ग्यारसपुर में 84 , गुलाबगंज में 99 , नटेरन में 149, कुरवाई में 169, विदिशा (शहरी) में 59, शमशाबाद में 226, त्योंदा में 111 बासौदा में 287 विदिशा ग्रामीण में 215, पठारी में 60 सिरोंज में 246 लटेरी में 239 आवेदन लंबित है।

# कलेक्टर के निर्देश पर स्कूलों का सतत भ्रमण कर औचक निरीक्षण

सिरोंज , दोपहर मेट्रो

सिरोंज। विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने शैक्षणिक व्यवस्था जिले में ठीक ढंग से क्रियान्वित हो इस उद्देश्य से जिले में संचालित सभी शासकीय विद्यालयों का सतत भ्रमण कर निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। प्राप्त निर्देशों के परिपालन में आज एपीसी श्री दिनेश कुमार विश्वकर्मा एवं दिनेश श्रीवास्तव ने विभिन्न शासकीय शालाओं का भ्रमण कर औचक निरीक्षण किया है।

डीपीसी द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी अनुसार शासकीय प्राथमिक शाला रईस नगर का प्रातः 10.40 बजे निरीक्षण करने पर शाला प्रभारी छतर सिंह यादव अनुपस्थित मिले जबकि प्राथमिक शिक्षक पुष्पा जैन उपस्थित थी। शासकीय प्राथमिक शाला पिपरिया जागीर के निरीक्षण पर शाला प्रभारी प्रदीप कुमार त्रिवेदी अनुपस्थित मिले, प्राथमिक शिक्षक बाबू लाल अहिरवार उपस्थित मिले। शाला में एनएएस का मॉक



टेस्ट छात्रों से नही कराया गया एवं छात्रों की पढाई का स्तर भी कक्षा अनुरूप नहीं पाया गया। शासकीय प्राथमिक शाला वसिया गाजर के निरीक्षण पर पाया गया कि शाला में 6 छात्र दर्ज होने पर भी शाला में एक भी छात्र उपस्थित नही है। शिक्षक के द्वारा अनुपस्थित छात्रों से संपर्क भी नहीं किया जा रहा है और ना ही छात्रो की पढाई पर ध्यान दिया जा रहा है। शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला मढ़िया जामन के निरीक्षण में सभी शिक्षक उपस्थित मिले और छात्रों की पढाई का स्तर भी कक्षा अनुरूप पाया गया। बच्चों को एनएएस की तैयारी कराई जा रही थी। शासकीय प्राथमिक शाला गंभीरिया के निरीक्षण में शाला में कोई भी छात्र हिन्दी नहीं पढ पाया और शिक्षक के द्वारा एफएलएन की कक्षाओं का संचालन भी नियमानुसार नही किया जा रहा था। शासकीय माध्यमिक शाला गौडीपुर में शाला प्रभारी उपस्थित मिलीं, जबकि दोनों अतिथि शिक्षक अनुपस्थित मिले।

# दिवाली के बाद भी, सर्दी का दौर अब तक नहीं हुआ शुरू, फसलें हो रही हैं प्रभावित

सिरोंज , दोपहर मेट्रो

वैसे तो दिवाली आने से पहले ही सर्दी का एहसास होने लगता था पर इस बार सर्दी आने का नाम नहीं ले रही है। नवंबर का भी पूरा महीना भर खत्म होने वाला है । सर्दी का दौर प्रारंभ नहीं होने से फसले भी मुरझा रही है। बैसे ही बारिश कम होने से जमीन पानी ज्यादा मांग रही है



इसी बीच ठंड नहीं पढ़ने से फसलों को भी ज्यादा पानी लग रहा है नहीं तो इन दोनों में कब कपड़ा देने ठंड पड़ने लगती थी गर्म कपड़ों की मांग भी ज्यादा होती थी वह तो बिल्कुल भी नहीं हो रही है। सुबह-शाम जरूर हल्की सर्दी का एहसास होता है दिन में तो सूर्य देवता की चुभन इतनी तीखी होती है कि धूप में बैठना मुश्किल हो जाता है। जल्दी ही अच्छी सर्दी का दौर प्रारंभ हो जाए तो फसलों में भी वृद्धि होने लगेगी इस तरह की उम्मीद किस कर रहे हैं।

**मेट्रो एंकर** पामाखेड़ी रोड पर मनमर्जी से बनाया ,ब्रेकर दे रहा है हादसों को दावत

# जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान, हाई कोर्ट के दिशा निर्देशों का भी नहीं हो रहा सही ढंग से पालन



सिरोंज , दोपहर मेट्रो

हाई कोर्ट के द्वारा ब्रेकर बनने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया है। इसके बाद भी बिना कानूनी गाइडलाइन का पालन किए बगैर भी कहीं भी ब्रेकर बनाने का काम कर दिया जाता है इनकी जानकारी वाहन चालकों को होती नहीं है ।

इस वजह बिना संकेत के बना रहे ब्रेकर दुर्घटना का कारण बन रहे हैं शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों को जाने वाले मार्गों पर जगह-जगह अपने हिसाब से ब्रेकर बनाने का काम कुछ लोगों के कहने पर सड़क निर्माण के दौरान सड़क बनाने वाली कंपनियों के कर्मचारियों से इन ब्रेकरों को बगैर शासन से अनुमति लिए बना दिए जाते हैं ।

दूसरी ओर कई ग्रामीण क्षेत्रों में जाने वाले मार्गों पर मिट्टी से ऊंचे ऊंचे ब्रेकर तैयार कर दी जाती जिसमें बिजली के पोल रखकर ऊपर से मिट्टी डालने का काम भी कर देते इस भाई सिंह की ऊंचाई और ब्रेकर भारी हो जाते हैं।

दो पहिया वाहन के साथ चार पहिया निकलने में भी कठिनाई होती है पहले बार जो वाहन चालकों यहां से गुजरता है तो उसको तो परेशानी होती है रात में दुर्घटनाएं जाती गलत तरीके से बनाए गए ब्रेकरों सभी के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं।

बिना नियम के बनाए गए स्पीड ब्रेकर - वैसे तो हाई कोर्ट ने ब्रेकर नहीं बनाने के लिए बहुत पहले ही गाइडलाइन जारी की थी कुछ समय तक सख्ती से पालन हुआ पर अब धीरे-धीरे करके जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते फिर कहीं भी ब्रेकर बनने लगे हैं ।

जबकि इनका बनाने से पहले सभी नियमों का पालन करना होता है संकेत बोर्ड भी लगाने होते जिससे कि दूर से ही वाहन चालकों को ब्रेकर होने की जानकारी मिल जाए पर अभी जो ब्रेकर अपने हिसाब से बनाए जा रहे हैं तो उनकी जानकारी किसी को नहीं होती इस कारण से दुर्घटनाएं हो रही है ।

कई बार इतनी भयंकर दुर्घटना हो जाती है इसमें चालकों की और सवारी की मृत्यु भी हो जाती है इसके बारे में नीचे से लेकर ऊपर तक के अधिकारीयों को भी जानकारी है फिर समय रहते कदम नहीं उठाया जा रहे हैं,इनकी अनदेखी किसी दिन महंगी पड़ जाएगी शायद तभी जिम्मेदार नींद में से जागेंगे।

पामाखेड़ी रोड पर बने ब्रेकर से हो रही है घटनाएं - भोपाल, लटेरी, कुरवाई, आरोन मार्ग पर भी ब्रेकर बने इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों को जाने वाले मार्गों पर तो इतने बड़े-बड़े ब्रेकर बनाए गए हैं। यहां से वाहन निकलने पर हादसे हो रह है। पामाखेड़ी रोड वृंदावन धाम कॉलोनी के पास मैं मिट्टी से इतना बड़ा ब्रेकर बनाया गया है कि यहां से वाहन गुजरने पर दुर्घटना हों रहीं हैं। ऐसे ही हालात क्षेत्र को जाने वाली सड़कों पर जगह-जगह अपने हिसाब से बने ब्रेकरों से वाहन चालकों को परेशानी होती है मुगलसराय मर्ग पर डीजे का जगह ब्रेकर बने हुए हैं। इन ब्रेकरों हटवाने के लिए जिम्मेदार अधिकारी कदम उठाएंगे या नहीं।

***इनका कहना है -***

*हम तो कहीं भी स्पीड ब्रेकर बनते ही नहीं क्योंकि उसका प्रावधान ही नहीं है।*

***अरविंद पाठक,** पीडब्लूडी एसडीओ*

*यदि कहीं स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं तो संबंधित विभागों से बात करके इनको हटवाने का कार्य किया जाएगा।*

***हर्षल चौधरी,** एसडीएम*

## धरती आबा योजना जिले के 86 ग्रामों में

**सिरोंज।** विदिशा पीएम जन-मन कार्यक्रम की तर्ज पर धरती आबा योजना संचालित की जा रही है। जिसके तहत विदिशा जिले में सहरिया जनजाति को छोड़कर शेष अन्य जनजाति बाहुल्य आबादी वाले ग्रामों कार्य संपादित किए जाएंगे। जनजाति कार्य विभाग की जिला संयोजक व नोडल अधिकारी श्रीमती पारुल जैन ने बताया कि बासौदा जनपद पंचायत में सर्वाधिक 79 ग्राम में इस योजना में शामिल हैं। इसके अलावा लटेरी जनपद पंचायत के चार, ग्यारसपुर के दो तथा सिरोंज जनपद का एक ग्राम शामिल हैं।



# भारत ने अपने से ऊंची रैंकिंग वाली चीन को 3-0 से हराया



**राजगीर (बिहार). एजेंसी**

भारतीय हॉकी टीम ने ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन को 3-0 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। भारतीय टीम ने इस जीत के साथ ही महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। मेजबान भारत ने संगीता कुमारी (32वें मिनट) और कप्तान सलीमा टेटे (37वें मिनट) की मदद से दो मैदानी गोल किए, जबकि टूर्नामेंट की शीर्ष स्कोरर दीपिका (60वें मिनट) ने अंतिम मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला।

**लगातार चौथी जीतः** भारत की टूर्नामेंट में लगातार चौथी जीत है। अब दुनिया की नौवें नंबर की टीम

## एशियन चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में बनाई जगह

भारत चार मैच में आठ अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। वहीं छठे नंबर की टीम चीन चार मैच में छह अंक से दूसरे स्थान पर खिसक गई है। भारतीय टीम इस मैच में शुरुआत से ही आक्रामक दिखी। टीम ने लगातार हमले किए, जिसका चीनी गोलकीपर के पास कोई जवाब नहीं दिखा और भारतीय टीम सफल रही।

# टेस्ट से चोटिल गिल बाहर, रोहित भी नहीं खेलेंगे, जसप्रीत कप्तान

## केएल राहुल पर्थ टेस्ट में ओपनिंग कर सकते हैं, फिट होने के बाद प्रैक्टिस शुरू की

**नईदिल्ली, एजेंसी**

टॉप ऑर्डर बैटर शुभमन गिल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट से बाहर हो गए हैं। वे प्रैक्टिस मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। हाल ही में दूसरी बार पिता बने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा भी पहले टेस्ट में नहीं खेलेंगे। उनकी गैरमौजूदगी में जसप्रीत बुमराह कप्तान होंगे। वहीं, केएल राहुल पहले टेस्ट में ओपनिंग कर सकते हैं। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल ने वाका में प्रैक्टिस शुरू कर दी है। राहुल को प्रैक्टिस मैच के दौरान दायीं कोहनी में चोट लग गई थी। उधर, देवदत्त पडिक्कल को ऑस्ट्रेलिया में ही रोक लिया गया है। वे पिछले 20 दिनों से ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट खेलने गई इंडिया-ए टीम का हिस्सा थे। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय टीम मैनेजमेंट ने सिलेक्शन कमेटी से बात करने के बाद पडिक्कल को सीनियर टीम के बैकअप के लिए ऑस्ट्रेलिया में ही रोक लिया है।



भारतीय टीम बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई है। टीम दौरे की शुरुआत 22 नवंबर से पर्थ में पहले टेस्ट के साथ करेगी। वहां भारतीय टीम को 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। रोहित दूसरे टेस्ट से पहले टीम से जुड़ेंगे क्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक, रोहित दूसरे टेस्ट से पहले भारतीय टीम से जुड़ेंगे। रोहित ने बीसीसीआईऔर सिलेक्शन कमेटी को पहले ही बता दिया था कि वे पर्थ टेस्ट को मिस कर सकते हैं। दूसरा टेस्ट 4 दिसंबर से एडिलेड में शुरू होगा, जो डे-नाइट मैच है। टीम इंडिया के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित दूसरी बार पिता बने हैं। उनकी पत्नी रितिका सजदेह ने 15 नवंबर को देर रात बेटे को जन्म दिया। रोहित की गैरमौजूदगी में जसप्रीत बुमराह कप्तान होंगे। वहीं, केएल राहुल पहले टेस्ट में ओपनिंग कर सकते हैं। स्लिप में फील्डिंग के दौरान चोटिल हुए थे गिल शुभमन गिल को शनिवार को पर्थ में मैच सिमुलेशन के दौरान स्लिप में फील्डिंग करते समय उंगली में चोट लगी थी। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक उनके अंगूठे में फ्रैक्चर है और वे पहले टेस्ट से बाहर हो गए हैं। हालांकि गिल की चोट को लेकर बीसीसीआई की ओर से अब तक कोई ऑफिशियल बयान नहीं आया है।

### 'डर्टी' गेम: भारत की आपत्ति, आइसीसी का आदेश

# पाकिस्तान को लगा झटका, चैंपियंस ट्रॉफी को पीओके नहीं ले जा सकेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पाकिस्तान की मेजबानी में होने वाले आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट को लेकर जारी विवाद के बीच पाकिस्तान को आइसीसी से झटका लगा है। आइसीसी ने आदेश दिया है कि पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी को पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में नहीं घुमाएगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की आपत्ति के बाद आइसीसी ने यह आदेश दिया। पाकिस्तान सरकार का प्लान था कि ट्रॉफी को 16 से 24 नवंबर के बीच पूरे पाकिस्तान में घुमाया जाएगा। इसे पीओके के तीन शहरों स्कार्दु, मुर्री और मुजफ्फराबाद भी ले जाने की तैयारी थी।

चैम्पियंस ट्रॉफी अगले साल 19 फरवरी से 9 मार्च तक होनी है। इसका शेड्यूल अब तक नहीं आया है। ट्रॉफी 14 नवंबर को पाकिस्तान पहुंच चुकी है। ऐसा पहली बार हुआ है, जब शेड्यूल जारी होने से पहले ट्रॉफी मेजबान देश पहुंची और उसे घुमाने की तैयारी चल रही है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) पहले ही अपनी टीम सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान भेजने से इनकार कर चुका है। कयास लगाए जा रहे हैं कि टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल के तहत




कराया जा सकता है।

**यह था प्लानः** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने ट्रॉफी को देशभर में घुमाने का ऐलान किया था। उसने कहा था, पाकिस्तान, तैयार हो जाओ। आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी देशभर में घुमाई जाएगी। इसकी शुरुआत 16 नवंबर को इस्लामाबाद से होगी। बाद में ट्रॉफी स्कार्दु, मुर्री व मुजफ्फराबाद भी ले जाई जाएगी। ये शहर पीओके का हिस्सा हैं। पाकिस्तान इस बहाने भारत को उकसाना चाहता है, लेकिन उसके 'डर्टी' गेम को आइसीसी ने पहले ही भांप लिया।

## मुंबई की तीसरी जीत, सेना को 9 विकेट से हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी.** सिद्देश लाड और अंगकृष रघुवंशी के नाबाद अर्धशतकों से मुंबई ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप-ए मैच के चौथे और अंतिम दिन सेना पर नौ विकेट से आसान जीत दर्ज की। इस सीजन मुंबई की पांच मैचों में यह तीसरी जीत है और वह ग्रुप-ए में बड़ौदा और जम्मू-कश्मीर के बाद तीसरे नंबर पर है। मुंबई ने 135 रन का लक्ष्य 35.4 ओवर में एक विकेट खोकर हासिल कर लिया। सिद्धेश 73 और रघुवंशी 55 रन बनाकर नाबाद रहे। पहली पारी में शतक लगाने वाले आयुष म्हात्रे प्लेयर ऑफ द मैच बने।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**



## अक्षय कॉमेडी-एक्शन और भूतिया फिल्म में आएंगे नजर


बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की आगामी कई एक्शन, हॉरर और कॉमेडी फिल्में आने वाली हैं। इस लिस्ट में मल्टीस्टारर फिल्म वेलकम टू द जंगल, हाउसफुल 5, स्त्री 3, भूत बंगला और कन्नप्पा भी शामिल हैं। आइए जानते हैं इन फिल्मों में अक्षय किस खास रोल में नजर आने वाले हैं। इन सभी फिल्मों के अलावा अक्षय की फिल्म हेरा फेरी 3 भी आ सकती है। इस फिल्म में अक्षय कुमार के अलावा सुनील शेट्टी और परेश वाल ने मुख्य भूमिका निभाई थी। अक्षय कुमार की नई फिल्म कनप्पा की चर्चा चारों ओर हो रही है, जिससे वह तेलुगू सिनेमा में डेब्यू कर रहे हैं। फिल्म का टीजर जून में आ गया था और अब पता चला है कि फिल्म में अक्षय कुमार भगवान शिव के रोल में नजर आएंगे। तेलुगु अभिनेता विष्णु मंचू ने 9 सितंबर को अक्षय के जन्मदिन पर शुभकामनाएं देते हुए कनप्पा से एक्टर का फर्स्ट लुक शेयर किया था। वहीं प्रियदर्शन और एकता कपूर की फिल्म भूत बंगला एक हॉरर कॉमेडी फिल्म है। फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया जा चुका है। इस साल गणेश चतुर्थी के मौके पर अक्षय कुमार ने अपनी आगामी फिल्म का ऐलान किया था। इसे बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड केप ऑफ गुड फिल्म्स के साथ मिलकर बना रही है। अक्षय ने फिल्म से अपना फर्स्ट लुक शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, मेरे जन्मदिन पर हर साल आपके इतने प्यार के लिए धन्यवाद! इस साल का जश्न भूत बंगला के पहले लुक के साथ मना रहा हूं! मैं 14 साल बाद फिर से प्रियदर्शन के साथ काम करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की फिल्म स्त्री 2 ने सिनेमाघरों में जमकर कमाई की है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने लगभग 450 करोड़ रुपये का कलेक्शन और वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर स्त्री 2 ने 600 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर लिया है। स्त्री 3 में अक्षय कुमार का दमदार किरदार होगा क्योंकि जिस तरह से स्त्री 2 का क्लाइमैक्स हुआ था उस हिसाब से फिल्म स्त्री के दूसरे भाग में अक्षय सरकटा के परिवार से दिखाए गए हैं। स्त्री 3 में अक्षय ही खलनायक के रोल में नजर आएंगे और स्त्री के साथ उनकी लड़ाई दिखाई जा सकती है।

## परवरिश और पिता को बोले आयुष्मान खुराना चप्पल और बेल्ट से बचपन में खा चुके हैं मार

अभिनेता आयुष्मान खुराना की इस साल कोई फिल्म बॉक्स ऑफिस पर नहीं आई। आयुष्मान आज कल म्यूजिकल बैंड आयुष्मान भव के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका के कुछ हिस्सों का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने कही ये बात। इस साल आयुष्मान खुराना के जीवन में ऐसा साल आने वाला है, जब उनकी एक भी फिल्म स्क्रीन पर नहीं आई है। इन दिनों आयुष्मान म्यूजिकल बैंड आयुष्मान भव के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका के कुछ हिस्सों का दौरा कर रहे हैं। ऑनेस्टली सेइंग पॉडकास्ट पर दिए गए एक इंटरव्यू में, आयुष्मान ने सिनेमा और संगीत दोनों के संदर्भ में काम के मोर्चे पर बहुत सी चीज़ों के बारे में खुलकर बात की। आयुष्मान ने इस दौरान बताया कि जब उन्होंने विक्की डोनर फिल्म की तब वे पिता बन चुके थे। उन्होंने कहा, ये बहुत अलग था, मैं और ताहिरा बहुत जल्दी माता-पिता बन गए थे। उन्होंने कहा कि एक बेटी का पिता होना भी अलग सा अनुभव देता है। उन्होंने कहा कि सबसे अच्छी बात है कि उनकी बेटी ने उन्हें और अच्छा इंसान बनने में मदद की। आयुष्मान खुराना ने बताया कि उनकी और उनके पिता की परवरिश में बहुत अंतर है। उन्होंने कहा कि वे बहुत मुश्किल से हंस पाते थे। वे बिल्कुल अलग पिता थे, उनके पिता उनसे भी अलग। उन्होंने कहा कि उन्हें बेल्ट और चप्पल से मार पड़ी है। बचपन के सदमे की तरह बीतता था। आयुष्मान खुराना ने कहा कि वे एक बार किसी पार्टी से लौट रहे थे। उस समय उनकी शर्ट से सिगरेट की महक आ रही थी। मैंने सिगरेट छुई भी नहीं लेकिन मुझे पिता से बहुत मार पड़ी थी। वर्कफ्रंट की बात करें तो आयुष्मान धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म के लिए काम कर रहे हैं। वहीं, वे एक हॉरर कॉमेडी फिल्म में भी नजर आने वाले हैं।



## 'मालिक' की शूटिंग पूरी, फिल्म के लिए राजकुमार राव ने किए शारीरिक बदलाव



अभिनेता राजकुमार राव ने अपनी आगामी फिल्म मालिक की शूटिंग पूरी कर ली है। पुलकित द्वारा निर्देशित यह फिल्म राव की पहली पूर्ण एक्शन फिल्म होगी। बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव के पास कतार में कई फिल्में हैं। उन्होंने स्त्री 2 की सफलता का जश्न मनाने के बाद 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' में अभिनय किया। हालांकि, इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुकाबले अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। इस बीच अब राजकुमार राव अपनी अगली फिल्म मालिक की तैयारियों में जुटे हुए हैं। अब इस फिल्म को लेकर नई जानकारियां सामने आई हैं। अभिनेता राजकुमार राव ने अपनी आगामी फिल्म मालिक की शूटिंग पूरी कर ली है। पुलकित द्वारा निर्देशित यह फिल्म राव की पहली पूर्ण एक्शन फिल्म होगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, एक्शन डायरेक्टर विक्रम दहिया की देखरेख में राजकुमार ने अपनी फिट बॉडी बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है। फिल्म का निर्माण अगस्त के अंत में लखनऊ में शुरू हुआ और इसके बाद पूरे उत्तर प्रदेश में तीन महीने तक इसका निर्माण चला। मालिक की प्रोडक्शन टीम ने लखनऊ, वाराणसी और उन्नाव में शूटिंग की। उन्होंने ब्रह्मावर्त घाट पर भव्य दिवाली उत्सव का दृश्य फिल्माया, जहां हजारों दीये जलाए गए। कानपुर में फिल्म की शूटिंग का आखिरी चरण मुख्य किरदार की शादी के दृश्य के साथ पूरा हुआ। यहीं पर तीन दिन पहले मालिक की शूटिंग खत्म हुई थी। मालिक में राजकुमार राव दो अलग-अलग लुक में नजर आएंगे- एक क्लीन-शेव्ड और दूसरा रफ-टफ, दाढ़ी वाला। उनका किरदार धीरे-धीरे एक बदमाश से गैंगस्टर में बदल जाता है। अभिनेता ने कुछ एक्शन दृश्यों की शूटिंग की है, जिनमें हथियारों के साथ-साथ हाथापाई भी शामिल है। बंगाली सुपरस्टार प्रसेनजीत चटर्जी फिल्म में राव के गुरु की भूमिका निभा रहे हैं। 'मालिक' में राव के साथ मानुषी छिल्लर भी हैं।



## भारत को ट्रंप नहीं, टमाटर की टेंशन... अमरीकी ट्रेड पॉलिसी से बड़ी चिंता 'थाली'

**मेट्रो बाजार**


**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के लिए टमाटर सहित सब्जियों की कीमतों में उछाल अमरीका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की व्यापार नीतियों से भी बड़ी चिंता का विषय बन गए हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के लिए टमाटर की ऊंची कीमतों ने आरबीआई की टेंशन बढ़ा रखी है। वह अर्थव्यवस्था में महंगाई को काबू करना चाहता है लेकिन, आलू-प्याज-टमाटर समेत सब्जियों के बढ़ते दाम उसकी कवायद पर पानी फेरते दिख रहे हैं। बढ़ती महंगाई को देखते हुए आरबीआई की ओर



से अगली बैठक में ब्याज दरों में कटौती कर पाना मुश्किल होगा। पिछले महीने टमाटर के दाम 161 फीसदी बढ़ गए। आलू और प्याज के दाम भी बढ़े हैं। इसने खाने-पीने का खर्च 14 माह में सबसे अधिक बढ़ा है। नवंबर में भी टमाटर-आलू की कीमतों में पिछले साल के मुकाबले 50 फीसदी से अधिक तेजी आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, टमाटर और ट्रंप...दोनों ही चीजें आरबीआइ के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकती हैं। डॉलर के महंगा होने से आयातित वस्तुएं और महंगी होंगी। ऐसे में नजरें भारत में खरीफ फसलों के उत्पादन पर टिकी हैं। अक्टूबर में खाद्य महंगाई दर 11 फीसदी के करीब पहुंच गई। आने वाले महीनों में भारत में महंगाई की क्या स्थिति रहेगी, यह खरीफ फसलों के उत्पादन से तय होगा। सर्दियों के मौसम में आवक बढ़ने से प्याज सहित सभी सब्जियों की महंगाई से राहत मिलने की उम्मीद है। सरकार ने अपने पहले अग्रिम अनुमान में 2024-25 के खरीफ सीजन में रेकॉर्ड 12 करोड़ टन चावल के उत्पादन का अनुमान जताया है। अच्छी बारिश से खरीफ सत्र में कुल खाद्यान्न उत्पादन 5.7 फीसदी तो तिलहन का उत्पादन 6.5 फीसदी बढ़ने का अनुमान है। हालांकि दलहन के उत्पादन में 0.3 की गिरावट आ सकती है। उड़द का उत्पादन 25 फीसदी घटने के आसार हैं। गन्ना और कपास का उत्पादन भी कम रह सकता है।

## यू-टर्न! भारत लौटेंगे विदेशी निवेशक सीएलएसए भारत पर ओवरवेट



**मुंबई, एजेंसी**

विदेशी निवेशकों के फिर से भारत वापस लौटने की उम्मीदें बढ़ गई हैं। भारतीय बाजारों में विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली से आए करेक्शन के बीच दिग्गज ग्लोबल इन्वेस्टमेंट और ब्रोकरेज फर्म सीएलएसए ने अपने नोट में कहा है कि हमने जो एलोकेशन भारत से शिफ्ट कर के चीन के बाजारों पर बढ़ाया था, अब हम उसे वापस लेते हैं। सीएलएसए ने चीन की अर्थव्यवस्था और निवेशकों की बढ़ती चिंताओं का हवाला देते हुए चीन पर अपने रुख से यू-टर्न ले लिया है। इतना ही नहीं ब्रोकरेज फर्म ने अपने नोट में कहा कि अब हम भारत पर 20 फीसदी ओवरवेट हैं। सीएलएसए ने कहा भारत के शेयर बाजार के वैल्युएशन अब बेहतर हो गए हैं। कई निवेशक भारत में अपने निवेश की कमी को पूरा करने के लिए खरीदारी के अवसर की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इस गिरावट ने शेयर बाजार में एंट्री का बेहतर मौका मुहैया कराया है। जो निवेशक भारत में निवेश की सोच रहे थे, उनके पास अब बड़ा मौका है। एमएससीआई इमर्जिंग मार्केट्स इंडेक्स में भारत का दबदबा कायम है। इंडेक्स में भारत का वेटेज 20त्न तक पहुंच गया है। भारतीय कंपनियों की अर्निंग ग्रोथ कम हुई है, लेकिन मजबूत बनी हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, सस्ते क्रूड का फायदा भारत को मिलेगा। वहीं, अगर कीमतें बढ़ीं भी तो भारत बड़ी डील कर रूस से 10 फीसदी तक सस्ता कच्चा तेल खरीद सकता है। ब्रोकरेज फर्म ने कहा, ट्रंप 2.0 के बाद चीन को लेकर आउटलुक और कमजोर हुआ है। इससे चीन की हालत और खराब होगी, क्योंकि चीन की अर्थव्यवस्था एक्सपोर्ट पर टिकी है। अमरीकी बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी और महंगाई अमरीकी फेडरल रिजर्व को ब्याज दरों में कटौती पर आगे बढ़ने में मदद करने की स्थिति में नहीं दिखती है।

# फर्जी आधार कार्ड से खाता खुलवाने वाला गिरोह पांच दिन की रिमांड पर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

फर्जी आधार कार्ड से बैंक अकाउंट खोलकर सायबर जालसाजों को बेचने वाले गिरोह के 6 सदस्यों को कोर्ट में पेश कर 5 दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस की अलग-अलग टीम इंदौर और बिहार के लिए भेजी गई है। यह टीमें प्रारंभिक जांच में सामने आए बैंक खातों की जांच कर पता लगाएगी कि अब तक इन खातों में कितना ट्रांजेक्शन किया जा चुका है। इस मामले में

**जांच के लिए इंदौर और बिहार भेजी गई पुलिस की टीम**

**बैंक अकाउंट की जांच कर रही पुलिस**

अनडिलीवर आधार कार्ड उपलब्ध कराने वाले बिहार और झारखंड के डाकियों तथा खाता खोलने में लापरवाही बरतने वाले बैंक कर्मचारियों की जानकारी भी जुटाई



जा रही है। जानकारी के अनुसार एक ही प्रकार के फोटो लगे अलग-अलग आधार कार्ड से मोबाइल सिम खरीदने की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने पिछले दिनों इब्राहिमपुरा स्थित एक फ्लैट पर दबिश दी थी। यहां से 6 युवक और एक युवती समेत कुल 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। तलाशी में उनके पास सैकड़ो की संख्या में फर्जी आधार कार्ड, एटीएम कार्ड, पैनकार्ड, सिमकार्ड, 20 मोबाईल फोन, 2 प्रिंटर, 1 लैपटाप, 1 पैन ड्राईव और 8 हिसाब किताब की कॉपियां जब्त की गई थी। पूछताछ में पता चला कि यह गिरोह अनडिलीवर हुए आधार कार्ड के माध्यम से पैन कार्ड बनवाते थे और बाद में उसी दस्तावेज से मोबाइल सिम खरीदकर बैंकों में खाते खुलवाते थे। बाद में यह खाते सायबर जालसाजी करने वालों को 10 हजार रुपए में बेच देते थे। रिमांड पर लेकर चल रही पूछताछ पुलिस ने इस मामले में आरोपी शशिकांत उर्फ मनीष, सपना उर्फ साधना पान, अंकित कुमार साहू उर्फ सुनील, कौशल माली उर्फ पंकज, रोशन कुमार, रंजन कुमार उर्फ विनोद, और मोहम्मद टीटू उर्फ विजय बताए। यह सभी बिहार के हैं। उक्त प्रकरण में युवती को छोड़कर सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश कर पांच दिन की रिमांड पर लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने अभी तक देश के विभिन्न शहरों से कुल 1800 मोबाइल सिम खरीदने की बात स्वीकार की है। भोपाल और इंदौर में करीब डेढ़ सौ बैंक अकाउंट्स का पता चला है, जिसकी जांच की जा रही है।

## ऑटो ने ठेले समेत दुकानदार को मारी टक्कर

**भोपाल।** रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित डीपीएस चौराहा नीलबड़ में सवारी आटो ने ठेला लेकर जा रहे दुकानदार को टक्कर मार दी। इस हादसे में दुकानदार का ठेला पलट गया और वह घायल हो गया। पुलिस ने दुकानदार की शिकायत पर आटो चालक पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार गुड्डु खान पिता शिकन्दर खान (35) ममता किराना स्टोर के सामने सूरज नगर, रातीबड़ में रहता हैं। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वह हाथ ठेला पर हर एक माल बेचने का काम करता है। शनिवार सुबह वह डीपीएस चौराहा से नीलबड़ हाथ ठेला लेकर सामान बेचने जा रहा था, तभी सवारी आटो के चालक ने अपनी आटो को तेजी व लापरवाही आटो चलाते हुए उसके ठेले और उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ठेला पटल गया और वह भी गिर गया था। उसने पत्नी को घटना की जानकारी दी। पत्नी परिचित के साथ मौके पर पहुंची और गुड्डु खान को अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे में गुड्डु को सिर व दाहिने हाथ की कलाई समेत आंख में गंभीर चोट आई है।

## बाइक ट्रैक किनारे खड़ी कर ट्रेन से कटकर युवक ने दी जान

**भोपाल।** सूखीसेवनिया थाना?क्षेत्र स्थित अमोनी रेलवे फाटक के पास से रविवार सुबह पुलिस ने युवक का शव रेलवे ट्रैक से बरामद किया है। रेलवे ट्रैक से कुछ दूरी पर युवक की बाइक भी खड़ी मिली है। पुलिस का अनुमान है कि उसने ट्रेन से कटकर आत्महत्या की है। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथ ही परिजन से भी पूछताछ नहीं होने के कारण आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल सका है।

### पुलिस ने दर्ज की एफआईआर, आरोपी की तलाश

# प्रॉपर्टी डीलर का नाके से अपहरण 30 लाख की फिरौती लेकर छोड़ा

**बंधक अड़ाकर मुरैना से उत्तर प्रदेश लेकर पहुंचे थे आरोपी, भोपाल में पत्नी से लिए रुपए**




**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कोलार में रहने वाले प्रॉपर्टी डीलर का मुरैना टोल नाके से अपहरण और पत्नी से तीस लाख रुपए की फिरौती मांगने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। अपहरण की वजह बिलखिरिया खुर्द में बेची गई जमीन के लेनदेन की बात सामने आई है। पुलिस ने प्रॉपर्टी डीलर की पत्नी की शिकायत पर अपहरण और फिरौती लेने की धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार ऋचा गौर ठाकुर पति नीतेश ठाकुर, दानिश व्यू हिल्स कोलार में रहती हैं और पति के साथ प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करती हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि संजय राजावत उनके पति के परिचित हैं और पति के साथ पूर्व में कुछ प्रॉपर्टी के सौदे कर चुके हैं। संजय के परिचित पंकज परिहार, हेमंत चौहान, अन्नु रजावत और आकाश राजावत का ऋचा गौर ठाकुर के घर और ऑफिस में आना-जाना है। उनके पति नीतेश ठाकुर द्वारा बिलखिरिया खुर्द गांव में 14.77 एकड़ भूमि बिल्डर को बेची गई थी। जमीन का पैसा मिलने की जानकारी संजय राजावत, पंकज, हेमंत, ओम, अन्नू और आकाश को लग गई। जमीन के एवज में संजय राजावत ने नीतेश से दस करोड़ रुपए की मांग की। उक्त जमीन में संजय राजावत और उसका कोई भी परिचित पार्टनर नहीं था। बावजूद इसके वे दस करोड़ रुपए की मांग कर रहे थे। ठाकुर दंपती ने उन्हें रुपए देने से मना कर दिया। उसी दिन 20 अक्टूबर को संजय का दोस्त पंकज उनके बंजारी स्थित ऑफिस में पहुंचा और दस करोड़ रुपए मांग करते हुए दबाव बनाने लगा। काफी देर तक बहस चलती रही और ठाकुर दंपती ने रुपए देने से मना कर दिया। इस पर पंकज ने कहा कि ठीक संजय और तुम्हारा मामला है आपस में निपट लेना।

### पति को बैंकाक घुमाने किया तैयार

बहस के बाद पंकज ने नीतेश को बैंकाक घुमाने के लिए तैयार किया। पंकज के कहने पर 22 अक्टूबर को नीतेश उसके साथ बैंकाक चले गए। बैंकाक से लौटकर 27 अक्टूबर को दिल्ली पहुंचे और नीतेश ऋचा के मोबाइल पर कॉल कर बताया कि वह दिल्ली से ग्वालियर पंकज के भतीजे की सगाई में जा रहे हैं। 27 नवंबर की रात में नीतेश का मोबाइल बंद हो गया था। उसी रात हेमंत चौहान के मोबाइल से कॉल आया और नीतेश ने बात की। अगले दिन 28 नवंबर की सुबह नीतेश के मोबाइल से वाट्सएप्प पर मैसेज आए। मैसेज में नीतेश ने लिखा कि पंकज के गांव पिपरौली गड़िया, उत्तर प्रदेश में है और पैसों की व्यवस्था करते हुए कॉल नहीं करने की बात कही।

### वाट्सएप कॉल कर मांगी फिरौती

28 अक्टूबर की रात नीतेश के नंबर से वाट्सएप कॉल आया। कॉल पर संजय ने कहा कि छोटे भाई आकाश को भेज रहा हूं। उसे तीस लाख रुपए दे देना। ऋचा ने रुपए देने से मना किया तो संजय ने धमकी देते हुए कहा कि नीतेश दो दिन से उनके कब्जे में है। समझ जाओं नहीं तो जान से खत्म कर देंगे। नीतेश से बात कराने पर नीतेश ने भी डरे हुए लहजे में कहा था कि रुपए की व्यवस्था कर लो।

### कोलार में दिए रुपए बनाया वीडियो

28 अक्टूबर की शाम सर्वधर्म में आकाश राजावत कार से पहुंचा। लोकेशन बताने के बाद ऋचा भी पहुंची और तीस लाख रुपए आकाश को उसकी कार में दे दिए। इस दौरान ऋचा की बहन से दूर से पैसों का बैग देते हुए वीडियो बना लिया था।

### छात्र को गाली देने पर विवाद

# आधार कार्ड बनवाने जा रहे छात्र पर चाकू से हमला



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित पंचशील नगर गेट के सामने आटो का इंतजार कर रहे 11वीं के छात्र पर बदमाश ने चाकू से हमला कर दिया। दरअसल, छात्र के पास एक बदमाश पहुंचा और गालीगलौज करते हुए वहां से जाने का कहा। छात्र ने गाली देने से मना किया तो आरोपी ने थप्पड़ मार दिया। इतना ही नहीं आरोपी ने उस पर चाकू से भी हमला किया है। चाकू छात्र के गाल पर लगने से गंभीर चोट आई है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पुनीत अहिरवार पिता भागचन्द अहिरवार (18) अंबेडकर नगर में रहता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि महात्मा गांधी स्कूल बाणगंगा में कक्षा 11वीं में पढ़ता है। शनिवार को वह अपने छोटे भाई भरत के साथ आधारकार्ड बनवाने के लिए एमपी नगर जा रहा था। दोनों भाई पैदल-पैदल पंचशील नगर गेट के सामने चौराहा तक पहुंचे और आटो आने का इंतजार करने लगे। दोपहर करीबन 12 बजे के आसपास नशे में एक युवाक उनके पास आया और बिना कुछ कहे थप्पड़ मार दिया। वह गालियां देते हुए कहने लगा कि यहां से भागों। पुनीत ने गाली देने से मना किया तो आरोपी चाकू से हमला कर दिया। चाकू पुनीत के दाहिने गाल पर लगा है। पुनीत और उसके भाई ने शोर मचाया तो लोग इकट्ठे हो गए और आरोपी वहां से भाग निकला। लोगों ने बताया कि हमला करने वाला बदमाश शानू काला है।

### कागज की कतरन गड्डी के आकार में मिली

# नकली नोट की गड्डी थमाकर महिला से टॉप्स और मंगलसूत्र की ठगी




**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

नकली नोट की गड्डी थमाकर ठगी की वारदात करने वाला गिरोह एक बार फिर सक्रिय हो गया। गिरोह के दो सदस्यों ने पंजाब नेशनल बैंक के पास व्यापारी की पत्नी से पता पूछा और नोट की गड्डी दिखाकर उनके कान के टॉप्स और मंगलसूत्र ले लिया। घटना शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे के आसपास की है। पुलिस ने महिला की शिकातय पर अज्ञात जालसाजों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार इंद्रा नगर बैरागढ़ निवासी वर्षा मालवीय पति बाबूलाल मालवीय (32) गृहणी हैं, जबकि उनके पति की बैरागढ़ में दुकान है। शुक्रवार दोपहर वह एसबीआई एटीएम पहुंची और वहां से रुपए निकालने के बाद पति के पास उनकी दुकान जा रही थी। पंजाब नेशनल बैंक एटीएम के पास पहुंचते उन्हें एक युवक मिला और पता पूछने लगा। इसी बीच दूसरा युवक और पहुंच गया। दोनों ने वर्षा को बातों में फंसाया और रूमाल में नकली नोट की गड्डी दिखाते हुए कहा कि उन्हें जेवर खरीदना है, लेकिन उन्हें जेवर खरीदी का अनुभव नहीं है। वे वर्षा को गली में लेकर पहुंचे और कहा कि तुम अपने कान के टॉप्स और मंगलसूत्र दे दों और उक्त रुपए ले लो। वर्षा को लगा कि पुराने जेवर का अधिक मूल्य मिल रहा है और उसने अपने जेवर उतारकर आरोपियों को दे दिए थे। आरोपियों ने रूमाल में लिपटी गड्डी वर्षा को दी और वहां से निकल गए। वर्षा ने रूमाल में बंधी गड्डी निकाली तो उसमें कागज के कतरन गड्डी के आकार में कटी हुई मिली। वर्षा ने घटना की जानकारी अपने पति को दी। इसके बाद दंपती थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

## पेंटर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित 16 एकड़ बागमुगलिया में पेंटर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। मृतक की पत्नी 15 दिन से मायके में थी। पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए एम्स में रखवा दिया है।

पुलिस के अनुसार 28 वर्षीय संदीप विश्वकर्मा पिता स्व. सीताराम विश्वकर्मा 16 एकड़ बागमुगालिया में रहता था। वह पेंटिंग का काम करता था। रविवार सुबह संदीप ने चाय की और खाना खाया। इसके बाद उसकी मां घरों में काम करने चली गई। दोपहर डेढ़ बजे लौटी तो संदीप की बाइक घर पर खड़ी थी। वह काम पर नहीं गया था। दरवाजा अंदर से बंद था। मां बाहर से बने छत के रास्ते ऊपर

# शातिर वाहन चोर चढ़ा अयोध्या पुलिस के हत्थे

**बुलट बाइक समेत 4 वाहन बरामद**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अयोध्या नगर पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक बुलेट बाइक समेत 4 दोपहिया वाहन बरामद हुए हैं, जिनकी कीमत करीब पांच लाख रुपये बताई गई है। आरोपी भोपाल से वाहन चोरी करने के बाद रायसेन जिले में बेचने के लिए जा रहा था, तभी पुलिस ने उसे दबोच लिया। पकड़े गए बदमाश के खिलाफ पूर्व से 11 अपराध दर्ज हैं। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि आरोपी घूमने-फिरने और नशे के शौक को पूरा करने के लिए वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देता





था। थाना प्रभारी महेश लिल्हारे ने बताया कि इलाके में होने वाली वाहन चोरी की घटनाओं को रोकने और आरोपियों की धरपकड़ के लिए एक विशेष टीम बनाई गई थी। इसी बीच पता चला कि एक युवक चोरी की बुलेट बाइक लेकर बेचने के लिए रायसेन जाने वाला है। सूचना के बाद पुलिस टीम ने अरहेड़ी के पास एक संदेही को घेराबंदी कर रायल इनफील्ड बुलेट बाइक के साथ पकड़ा। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पवन कठोतिया पुत्र चमन कठोतिया (20) साल निवासी काकड़ा क्रेसर बस्ती थाना अयोध्या नगर बताया। उसके बाद मिली बुलेट बाइक को लेकर पूछताछ करने पर बताया कि करीब पांच महीने पहले बसंत कुंज कालोनी से चोरी की थी। आरोपी को थाने लाकर पूछताछ करने पर अंग्रेजी शराब दुकान अयोध्या नगर के सामने से 2 बाइक और छत्रपति नगर स्थित एक मकान के पोर्च में खड़ी स्कूटर चोरी करना बताया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी की कुल चार बाइकें जब्त की हैं। बरादम हुए वाहनों की कीमत करीब पांच लाख रुपये बताई गई है। पहले से दर्ज हैं संगीन अपराध आरोपी पवन कठोतिया मजदूरी करता है। उसके खिलाफ अयोध्या नगर थाने में मारपीट, छेड़छाड़, चोरी और नकबजनी के 11 अपराध पहले से दर्ज हैं।

### मेट्रो एंकर अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान

# 3 दिन में 1,800 किलो से अधिक मादक पदार्थ जब्त

**मध्य प्रदेश पुलिस की कार्रवाई अब तक 167 आरोपी गिरफ्तार**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मध्य प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए पुलिस द्वारा व्यापक स्तर पर अभियान शुरू किया है। डीजीपी सुधीर सक्सेना के निर्देशन में 14 नवंबर 2024 से प्रारंभ हुए इस प्रदेशव्यापी विशेष अभियान ने न केवल अवैध मादक पदार्थों के कारोबार को ध्वस्त किया है, बल्कि आपराधिक तत्वों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई का संदेश भी दिया है। तीन दिनों की इस कार्रवाई में पुलिस ने 1800 किलो से अधिक अवैध मादक पदार्थ




जब्त किया। इस दौरान कुल 167 आरोपियों की गिरफ्तारी करते हुए 16 वाहनों को जब्त किया गया। अभियान का पहला दिन (14 नवंबर) ही बेहद प्रभावशाली रहा। मात्र आठ घंटों में पुलिस ने 10 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के 700 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ जब्त किए। प्रमुख स्थानों पर की गई कार्रवाइयों में भोपाल में 8.4 किलोग्राम चरस, खरगोन के चैनपुर में 478 किलोग्राम गांजा, सिवनी के धनौरा में 80 किलोग्राम गांजा, छिंदवाड़ा जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में 42.1 किलोग्राम गांजा और नीमच जिले के रतनगढ़ थाना क्षेत्र में 60 किलोग्राम डोडाचूरा की जब्ती शामिल है। इन कार्रवाइयों में 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और 11 वाहनों को जब्त किया गया। अभियान का दूसरा दिन (15 नवंबर) भी उतना ही प्रभावशाली रहा। पुलिस ने इस दिन 144.7 किलोग्राम गांजा, 29 ग्राम स्मैक और 146.53 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की। साथ ही 126 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। यह दिन दिखाता है कि पुलिस ने न केवल बड़े आपराधिक गिरोहों पर प्रहार किया है, बल्कि छोटे पैमाने पर मादक पदार्थों के वितरण में शामिल अपराधियों पर भी शिकंजा कसा है। अभियान के तीसरे दिन (16 नवंबर) पुलिस ने 161 स्थानों पर छापेमारी की और 952 किलोग्राम से अधिक अवैध मादक पदार्थ बरामद किए। प्रमुख कार्रवाइयों में खरगोन जिले के विभिन्न स्थानों से 322.43 किलोग्राम गांजा, धार जिले में 200.3 किलोग्राम गांजा, बड़वानी में 157.9 किलोग्राम गांजा और देवास जिले में 105.394 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। तीसरे दिन की कार्रवाई में 30 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और अवैध परिवहन में प्रयुक्त 5 वाहनों को जब्त किया गया।

### मादक पदार्थ गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

**भोपाल।** पिपलानी पुलिस ने एक युवक को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी से 25 हजार रुपए कीमत का गांजा जब्त किया गया है। पुलिस के मुताबिक शनिवार देर रात सूचना मिली कि भेल गेट के पास एक युवक गांजा बेचने की फिराक में घूम रहा है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने संदेही युवक को हिरासत में लेकर तलाशी ली तो उसके पास एक किलो 200 ग्राम गांजा रखा मिला, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। पकड़े गए आरोपी का नाम अभिषेक सूर्यवंशी (21) निवासी ग्राम माला, थाना गुलाबगंज जिला विदिशा बताया गया है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022